Ranchi ● Friday, 29 August 2025 ● Year : 03 ● Issue : 224 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published From Ranchi

नेशनल स्पोर्ट्स डे आज

SHARE
सेंसेक्स : 80,080.57
निफ्टी : 24,500.90

SARAFA
सोना : 9,570
चांदी : 130.00
(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

एसीबी के हत्थे चढ़ा चैनपुर प्रखंड का क्लर्क

GUMLA : गुरुवार को गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड कार्यालय में एसीबी ने सह प्रधान सहायक (क्लर्क) राजकुमार साहनी को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के

अनुसार, सेवानिवृत जनसेवक धनंजय प्रसाद से भविष्य निधि से राशि निकासी संबंधी कागजात तैयार करने के एवज में 20 हजार रुपये की मांग की गई थी। मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने एसीबी से शिकायत की थी। शिकायत दर्ज होने के बाद एसीबी ने तय योजना के तहत साहनी को रिश्वत की रकम लेते ही पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम राजकुमार साहनी को गुमला सदर थाना ले गई। बताया जाता है कि साहनी लंबे समय से प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित था और विभिन्न कार्यों में विलंब करने तथा फाइलों को बढ़ाने के एवज में पैसे की मांग करता था। गुमला अंचल कार्यालय में पदस्थापन के दौरान भी रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल हुआ था। मामले में तत्कालीन उपायुक्त ने साहनी को निलंबित कर दिया था।

तीसरे दिन भी वैष्णो देवी यात्रा रही स्थगित

NEW DELHI : वैष्णो देवी यात्रा रूट के अर्धकुंवारी में हुए लैंडस्लाइड के बाद यात्रा रोकी गई है। तीसरे दिन भी यात्रा स्थगित रही। इसके कारण कई श्रद्धालु फंस गए हैं। कुछ यात्री कटरा के होटलों में यात्रा के दोबारा शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें मलबा साफ होने तक इंतजार करने को कहा गया है। घटना के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इधर, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शवों को उनके घर भेजने की जिम्मेदारी ली है। 24 मृतकों की पहचान हो गई है।

रूस के हमले में यूक्रेन के14 लोगों की मौत

NEW DELHI : गुरुवार को रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे के यहां ताबड़तोड़ हमले कर कहर बरपाया। यूक्रेन ने रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र में स्थित अफिप्सकी तेल रिफाइनरी पर रणनीतिक हमला किया। इससे रिफाइनरी में आग लग गई। दूसरी ओर रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया। इस दौरान कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। कीव पोस्ट की खबर में यूक्रेनी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के हवाले से दावा किया गया है कि गुरुवार तड़के रक्षा बलों ने रूस में रणनीतिक ठिकानों और अस्थायी रूप से कब्जे वाले क्षेत्रों पर रुक-रुक कर कई हमले किए। यूक्रेनी बलों ने इस दौरान रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र में स्थित अफिप्सकी तेल रिफाइनरी पर हमला किया। इससे रिफाइनरी में भीषण आग लग गई। यह रिफाइनरी रूसी सेना को ईंधन की आपूर्ति करती है।

मानसून सत्र का अंतिम दिन : मंत्री दीपक बिरुआ ने रखा प्रस्ताव, सर्वसम्मति से पास

विधानसभा ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारतरत्न देने के लिए पारित किया प्रस्ताव

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र संपन्न हो गया। सत्र के अंतिम दिन झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारतरत्न से सम्मानित करने के लिए विधानसभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। इस फैसले से केंद्र सरकार को अवगत कराया जाएगा। सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही में भाग लेते हुए इस आशय के प्रस्ताव को भू-राजस्व एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने सभा पटल पर रखा। इसे सदन ने ध्वनि मत से सर्वसम्मति से पारित कर दिया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस प्रस्ताव का हम समर्थन करते हैं, लेकिन झारखंड अलग राज्य के योगदान में जयपाल सिंह मुंडा और विनोद बिहारी महतो का भी योगदान रहा है। केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजते समय इन दो विभूतियों का भी नाम उसमें जोड़ा जाना चाहिए। मंत्री दीपक बिरुआ ने शिबू सोरेन को झारखंड आंदोलन का जननायक बताते हुए कहा कि आदिवासी, मूलवासी, किसान, शोषित वर्ग के अधिकारों, मान और स्वाभिमान की रक्षा और अलग राज्य की लड़ाई के निर्माण में उन्होंने संपूर्ण जीवन लगा दिया। उनका जीवन सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनआकांक्षाओं की पूर्ति में ऐतिहासिक महत्व रखता है। वह एक विचार और आंदोलन थे। उनके अथक संघर्ष और त्याग से हमे एक नया राज्य और नई पहचान मिली। ऐसे जननायक को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न देना सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बता दें कि पिछले मानसून सत्र के दौरान 4 अगस्त 2025 को उनका निधन हो गया था।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया समर्थन, अब जल्द ही इस फैसले से केंद्र को कराया जाएगा अवगत

- प्रस्ताव पास होने के दौरान सदन में मौजूद थे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन
- जयपाल सिंह मुंडा व विनोद बिहारी महतो का नाम भी जोड़ने का किया गया अनुरोध

सदन शुरू होते ही हुई नारेबाजी

झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र का अंतिम दिन भी शोर-शराबे के साथ शुरू हुआ। सुबह 11 बजकर 8 मिनट पर सदन की कायावाही शुरू होते ही हंगामा भी शुरू हो गया। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों वेल में घुस गए और हंगामा करने लगे। सदन के भीतर भी पक्ष और विपक्ष दोनों ने नारेबाजी की। पक्ष ने जहां विपक्ष पर वोट चोरी के आरोप लगाए, तो वहीं विपक्ष ने गोड्डा एनकाउंटर और रिम्स 2 को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। विपक्ष ने वेल में विश्वविद्यालय विधेयक को लेकर भी प्रदर्शन किया। स्पीकर ने विधायकों को चेतावनी दी पर विधायकों का हंगामा जारी रहा।

अब तक किसी भी आदिवासी को नहीं मिला है भारतरत्न

शिबू सोरेन को भारतरत्न देने के अनुरोध से जुड़ा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित होने पर संसदीय कार्यमंत्री ने सुझाव दिया कि पारित प्रस्ताव में इस बात का उल्लेख हो कि आजादी की लड़ाई में आदिवासी समाज की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता है। आजादी के 78 वर्ष बाद आजतक किसी भी एक आदिवासी को भारतरत्न की उपाधि नहीं दी गई है। इस प्रस्ताव के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी सदन में मौजूद थे। वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने भी एक सुझाव पेश किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा कैंपस में शिबू सोरेन के साथ-साथ शहीद सिदो-कान्हू और बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए। वहीं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि 26 अगस्त को सदन में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव रखा गया था। इस पर आसन ने कहा कि यह प्रस्ताव स्वतः पारित है। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि इस प्रस्ताव को केंद्र को प्रेषित किया जाए।

गुरुजी हमारे बीच नहीं, उनके बताए मार्ग पर बढ़ेंगे आगे : हेमंत सोरेन

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री ने सदन को संबोधित किया। कहा कि मानसून सत्र हम लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण और न भूलने वाला सत्र है। आज हम लोगों ने ऐसे व्यक्ति को खोया, जो केवल विधायक, सांसद, सीएम या केंद्रीय मंत्री तक ही नहीं, उससे उपर उठकर वे इंसान थे। इसकी वजह से सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के आदिवासी समुदाय के लोग उन्हें अपना प्रेरणा स्रोत मानते रहे हैं। अब तो वे हमारे बीच नहीं है। लेकिन, निश्चित रूप से उनके बताए मार्ग पर हम आगे बढ़ेंगे। इस राज्य को अस्तित्व दिलाना और झारखंड आंदोलन को मुकाम तक पहुंचाना बहुत आसान काम नहीं था। इस राज्य की आवाज, संघर्ष, राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़ा, किसान का संघर्ष इतना मजबूत रहा कि इसके साथ साथ कई राज्यों का सृजन हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने गुरुजी को भारतरत्न देने को लेकर प्रस्ताव तो पारित कर दिया। लेकिन, केंद्र में इनकी सरकार है। अब देखें कि ये लोग क्या करते हैं।

पूरे देश के आदिवासी समुदाय के लोग मानते हैं प्रेरणास्रोत

- बुजुर्गों और राज्य के आंदोलनकारियों को सम्मान दिलाने का करेंगे काम
- आसान नहीं था इस राज्य को अस्तित्व दिलाना व आंदोलन को मुकाम तक पहुंचाना
- तेलंगाना राज्य के विषय को लेकर भी गुरुजी ने वहां के लोगों का किया था मार्ग-दर्शन

देश के कोने-कोने से आए लोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह का संघर्ष इस राज्य में जल, जंगल और जमीन के लिए किसान, मजदूर ने किया, ऐसा संघर्ष कहीं और देखने को नहीं मिला। इस भावुक समय में जब गुरुजी का निधन हुआ तो देश के कोने-कोने से लोग आए। तेलंगाना के सीएम भी आए थे। उन्होंने भी कहा था कि जब झारखंड राज्य अलग हुआ, तब तेलंगाना के अलग राज्य के विषय को लेकर गुरुजी ने वहां भी लोगों का मार्ग-दर्शन किया था। कहीं न कहीं गुरुजी के जो कार्य रहे, वह झारखंड तक सीमित नहीं रहे, बल्कि देशव्यापी रहे। हम सब लोगों ने यह संकल्प कर सरकार चलाने का निर्णय लिया है। यहां के लोगों का आर्थिक, सामाजिक सुधार कैसे हो। हमारे आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मिले।

हंगामे की भेंट चढ़ गए 235 अल्पसूचित और तारांकित प्रश्न

चार दिनों के मानसून सत्र में 235 अल्पसूचित और तारांकित प्रश्न धरे के धरे रह गए। ये सभी जनता के मुद्दों से जुड़े सवाल थे। 73 अल्पसूचित और 162 तारांकित सवालों पर चर्चा नहीं हो पाई। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि प्रश्न काल का यही हश्र होगा तो अगली बार से प्रश्न नहीं डालिएगा। अगली बार से प्रश्न भी घटेगा। प्रश्न घटने की पूरी जवाबदेही सदस्यों की होगी। इस बार एक भी प्रश्न का उत्तर

नहीं हुआ। आने वाले समय में इसपर विचार होगा।

जब दिल्ली में अटल मोहल्ला क्लिनिक बंद है तो भाजपा यहां क्यों हंगामा कर रही : डॉ. इरफान

सूबे के हेल्थ मिनिस्टर डॉ. इरफान अंसारी ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में अटल मोहल्ला क्लिनिक बंद है, तो भाजपा यहां हंगामा क्यों कर रही है। भाजपा को दिल्ली में अटल मोहल्ला क्लिनिक खोलना चाहिए। इरफान अंसारी ने कहा कि जिस योजना को भाजपा ने बंद कर दिया है, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़ा दिल दिखाते हुए उस योजना को राज्य में जारी रखने का फैसला किया, ताकि सूबे के गरीबों को उनके इलाके में ही गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को क्या दिक्कत हो रही है, यह समझ से परे है। इधर, जदयू के विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर में बन रहे फलाईओवर पर जाम की समस्या से बचने के लिए वन वे की जगह दोनों तरफ से सड़क खोलने की मांग की। इसपर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि ट्रैफिक जाम की समस्या हो सकती है। लेकिन सरकार फिर से सभी तथ्यों को ध्यान रखकर इसपर निर्णय लेगी। वहीं कांग्रेस के विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने राज्यर के पॉलिटेक्निक कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढा रहे शिक्षकों के समायोजन की मांग की।

प्रदीप ने उठाया अडानी पावर प्लांट का मुद्दा

विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि अडानी पावर प्लांट के लिए ली गई जमीन की अनियमितता की जांच के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है। अब अडानी की कलई खुलेगी। रैयतों को न्याय मिलेगा। नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा में मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। चोर दानपेटी पर हाथ साफ कर रहे हैं। स्कूलों से कंप्यूटर सहित अन्य उपकरणों की चोरी हो रही है। पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा के प्रखंडों में सीओ और बीडीओ के पदस्थापन की मांग की। वहीं चंद्रदेव महतो ने 15वें वित्त आयोग की राशि नहीं मिलने का सवाल उठाया। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 की राशि पंचायतों को नहीं दी गई है। केंद्र से 1700 करोड़ की राशि नहीं मिली है। 2020 से 2023 तक का ऑडिट रिर्पोट और उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र को दे दिया गया है।

हालचाल जानने के लिए पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन

मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत बिगड़ी, पारस अस्पताल में भर्ती

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री

हफीजुल अंसारी की तबीयत अचानक खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें रांची स्थित पारस एचईसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुबह अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की विशेष टीम उनकी निगरानी कर रही है। फिलहाल मंत्री की हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन उन्हें डॉक्टरों की देखरेख में रखा गया है। लगातार जांच की जा रही है। हालचाल जानने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पारस अस्पताल पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी सबसे पहले अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से उनके इलाज की जानकारी ली। इसके अलावा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, परिवहन मंत्री तथा कई विधायक भी अस्पताल पहुंचे। सभी ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

जम्मू-कश्मीर के गुरेज में मुठभेड़, मारे गए दो आतंकी

SRINAGAR : गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में गुरुवार को भारतीय सेना और स्थानीय पुलिस की आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई। जवानों ने दो आतंकियों को मार गिराया। भारतीय सेना ने 'एक्स' पर बताया कि उन्हें आतंकियों के घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादियों को मार गिराया। ऑपरेशन जारी है। इससे पहले 2 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में कुलगाम जिले के अखल देवसर इलाके में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकवादी मारे गए थे।

फंदे पर लटकी मिली डेड बॉडी, परिवार ने बलात्कार का लगाया आरोप

गोड्डा के मदरसे में नाबालिग लड़की ने की खुदकुशी

GODDA @ PTI : गुरुवार को गोड्डा जिले के एक मदरसे में 14 साल की लड़की का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लड़की महागामा क्षेत्र में स्थित इस्लामी शिक्षण संस्थान की छात्रा थी। पीड़िता के परिवार का आरोप है कि मदरसे के मौलवी ने उसके साथ बलात्कार किया, जिसके कारण उसने अपनी जान दे दी। अब्दुल रज्जाक (60) नामक मौलवी ने सुबह करीब सात बजे पुलिस को घटना की जानकारी दी। महागामा के एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आजाद ने कहा, हम केवल आरोपों के आधार पर निर्णय नहीं ले रहे हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार करेंगे ताकि पता चल सके कि यह आत्महत्या थी या कुछ और। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है।

पीड़ित परिवार ने किसी के खिलाफ दर्ज नहीं कराई है औपचारिक शिकायत

महागामा क्षेत्र में स्थित इस्लामी शिक्षण संस्थान की थी छात्रा

मौलवी पर यौन उत्पीड़न का आरोप

एसडीपीओ ने कहा कि पीड़ित परिवार ने अब तक किसी के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। लड़की के मामा ने आरोप लगाया कि मौलवी ने उसका यौन उत्पीड़न किया। उन्होंने कहा, उसका शव कमरे से निकालकर दूसरी जगह क्यों रखा गया। गालों पर चोट के निशान हैं। हमें शक है कि मौलवी ने उसका यौन उत्पीड़न किया होगा, जिसके कारण उसने आत्महत्या की। उन्होंने दावा किया कि मौलवी पर पहले भी इसी तरह के आरोप लग चुके हैं। स्थानीय कांग्रेस विधायक एवं राज्य सरकार की मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने घटना की उचित जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

न्यू स्टडी कार्बन संतुलन जैसी चुनौतियों को प्रभावित कर सकते हैं माइक्रोब

पेड़ों में मौजूद अदृश्य जीव जलवायु के हालात सुधारने में सक्षम

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : जीव वैज्ञानिकों के अनुसार, वातावरण में तथा अन्य जीवों में अदृश्य जीव करोड़ों की संख्या में विद्यमान हैं। इन्हें हम अपनी आंखों से नहीं देख सकते। ये माइक्रोब यानी सूक्ष्मजीव कहे जाते हैं। ये नकारात्मक ही नहीं, सकारात्मक भूमिका भी निभाते हैं। हाल में हुए एक नए रिसर्च में यह बताया गया है कि हर जीवित पेड़ में करीब एक लाख करोड़ सूक्ष्मजीव बसते हैं। हमें दिखाई न देने वाले ये नन्हे जीव न केवल पेड़ की जीवनयात्रा में सहयात्री हैं, बल्कि पृथ्वी पर कार्बन संतुलन और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों को भी प्रभावित कर सकते हैं। यह चौंकाने वाला खुलासा येल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने 16 प्रजातियों के 150 पेड़ों पर अध्ययन के बाद किया है। आईआईटी दिल्ली के पर्यावरण विज्ञान विभाग से जुड़े प्रो. रमेश चंद्र त्रिपाठी का कहना है कि यह अध्ययन हमें दिखाता है कि पेड़ केवल कार्बन सोखने वाली मशीनें नहीं हैं, बल्कि उनके भीतर एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र मौजूद है। भारतीय जंगलों, विशेषकर हिमालय और गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन के वनों में अगर इस प्रकार के विस्तृत शोध अध्ययन हों तो हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नए समाधान मिल सकते हैं।

येल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने 16 प्रजातियों के 150 पेड़ों पर किया है स्पेशल रिसर्च

शोधकर्ताओं ने जीवित पेड़ों में सांस लेने वाले ऐसे नन्हे जीवों को बताया है उनका सहजीवी

- एक पेड़ के बाहरी और भीतरी हिस्से में अलग-अलग रूप में पाए गए हैं सूक्ष्मजीव
- इस अध्ययन ने यह स्पष्ट किया है कि एक सामूहिक जीवन जीते हैं सभी जीव
- इस धरती पर पेड़ और सूक्ष्मजीव मिलकर एक साझा जीवन इकाई का करते हैं निर्माण

300 गीगाटन से अधिक कार्बन को संजोकर रखते हैं धरती पर उगे सभी पेड़-पौधे

क्लाइमेट चेंज से लड़ने की नई रणनीति

जब पेड़ वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड सोखते हैं, तो यह पूरी प्रक्रिया काफी हद तक उनके भीतर के सूक्ष्मजीवों से प्रभावित होती है। ऐसे में वैज्ञानिक मानते हैं कि अगर इन सूक्ष्मजीवों की भूमिका को बेहतर समझा जाए तो जलवायु परिवर्तन से लड़ने की नई रणनीतियां सामने आ सकती हैं।

बाढ़ नियंत्रण में निभा सकते हैं अहम रोल

शोधकर्ताओं का कहना है कि गंगा-ब्रह्मपुत्र जो दुनिया के सबसे बड़े नदी बेसिनों में से एक है, लाखों पेड़-पौधों और घने जंगलों का घर है। इस क्षेत्र में बसे पेड़ों के भीतर के सूक्ष्मजीव न केवल स्थानीय पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं, बल्कि गंगा की बाढ़ नियंत्रण प्रणाली और जल प्रवाह चक्र को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर सकते हैं। इसी तरह हिमालयी ग्लेशियरों से जुड़े जंगल जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे संवेदनशील हैं। यहां मौजूद पेड़ों के भीतर का सूक्ष्मजीव संसार बर्फ के पिघलने की दर, मिट्टी में कार्बन के संग्रहण और पारिस्थितिकीय विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आईआईएससी बेंगलुरु की शोधकर्ता डॉ. प्रीति नायर का कहना है, पेड़ों के भीतर के सूक्ष्मजीवों की समझ से हम यह जान सकते हैं कि कौन-से जीव प्रजातियां पेड़ को मजबूत बनाती हैं और कौन-सी उन्हें बीमार करती हैं।

सीएम ने दिवंगत सरकारी कर्मियों के परिजनों को सौंपा एक-एक करोड़ का चेक

RANCHI : गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा के परिसर में राज्य सरकार के तीन दिवंगत कर्मियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की राशि का चेक सौंपा। इन कर्मियों में कांस्टेबल अजीत कुमार, आरक्षी अनिल कुमार झा और शिक्षक सुशील कुमार मरांडी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने कर्मियों के साथ खड़ी है और उनके परिजनों को ससम्मान उनका पूरा हक-अधिकार देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की विशेष बीमा कवरेज योजना के अंतर्गत दिवंगत कर्मियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। दिवंगत कर्मियों के परिजनों ने मुख्यमंत्री के प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं और मुख्यमंत्री के प्रयास से उन्हें यह राशि प्राप्त हुई है, जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई में मदद मिलेगी।

आतंकियों के बारे में बताने पर मिलेंगे 50 हजार

नेपाल के रास्ते 3 आतंकी बिहार में घुसे, हाई अलर्ट

AGENCY MOTIHARI : पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन खूंखार आतंकवादियो के नेपाल के रास्ते बिहार में घुसने के खुफिया इनपुट के बाद पूरे जिला को हाई अलर्ट पर रखा गया है। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ ही जिला के सभी थाना क्षेत्र में वाहनो की सघन जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने इसकी जानकारी देते बताया है कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन खूंखार आतंकवादी नेपाल के रास्ते बिहार में घुस गए हैं और वे किसी बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। उन्होने इन संदिग्धों की पहचान के लिए उनके स्केच को जारी करते हुए लोगों से इन चेहरों को पहचान करने और इस संदर्भ में कोई जानकारी मिलने पर तुरंत नजदीकी थाने से संपर्क करने या 112 डायल कर सकते हैं।

- वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी की बढ़ाई गई सुरक्षा, रोड शो स्थगित

BRIEF NEWS

देवघर में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

DEOGHAR : जिले में टावर चौक के पास बुधवार की देर रात करीब 2.30 बजे एक बहुमंजिला कपड़े के शोरूम में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये के कपड़े व सामान जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पहले दमकल की एक गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची। आग तेजी से फैलती जा रही थी, जिसको देखते हुए दमकल की और दो गाड़ियों को बुलाया गया। दमकल कर्मियों की साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक दुकान का पूरा सामान और सजावटी वस्तुएं जलकर राख हो चुकी थीं। इस मामले में कुंडा थाना के इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच में आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट लग रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी जांच और फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही आग लगने के असली कारण का पता चल पाएगा। स्थानीय लोगों के अनुसार देर रात दुकान से धुआं निकलता देख उसे बुझाने के लिए वे दौड़े। लेकिन, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। देखते ही देखते आग पूरे शोरूम में फैल गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत दुकान मालिक और अग्निशमन विभाग को दी। तब तक काफी देर हो चुकी थी। कपड़ा शोरूम के मालिक ने बताया कि इस आग से उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है। कपड़ों से लेकर दुकान के सभी सजावटी सामान तक जलकर राख हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस बात की जांच कराएंगे कि सिर्फ शॉर्ट सर्किट से इतनी बड़ी आग कैसे लगी।

दिगंबर जैन मंदिर में आरंभ हुआ दशलक्षण पर्व

RAMGARH : रामगढ़ में दिगम्बर जैन समाज के दोनों जिनालयों में जैन समाज के महान पर्व दशलक्षण आरंभ हो गया। दशलक्षण पर्व के पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म की पूजा हुई। बाहर से आए हुए विद्वान निवेश शास्त्री ने उत्तम क्षमा धर्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्रोध का कारण उपस्थित होने पर भी क्रोध न करना क्षमा है। सामर्थ्य रहने पर भी क्रोधात्पादक निंदा, अपमान, गाली गलौज और प्रतिकूल व्यवहार होने पर भी मन में कटुता न आने देना उत्तम क्षमा धर्म है। इसके पूर्व जिनालयों में पार्श्व गायक के भजनों के बीच अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न हुई। प्रथम अभिषेक का सौभाग्य रामगढ़ जिनालय में अरुणा जैन परिवार, अशोक जैन, अमित काला परिवार ,संजय जैन युग-आयुष सेठी परिवार, हीरालाल जैन परिवार, विद्या प्रकाश पद्म जैन छाबड़ा परिवार एवं जीवन मल जैन, जम्बू पाटनी परिवार तथा रांची रोड जिनालय में पाना देवी सेठी परिवार को प्राप्त हुआ था। शांतिधारा का सौभाग्य जीवन मल जम्बू परिवार एवं उषा अजमेरा परिवार को प्राप्त हुआ।

दुमका में डंपर की टक्कर से बाइक चालक की हुई मौत

रामगढ़-दुमका मुख्य मार्ग पर हुई भीषण दुर्घटना

PHOTON NEWS DUMKA : रामगढ़ थाना क्षेत्र के रामगढ़-दुमका मुख्य मार्ग पर प्लस टू उच्च विद्यालय, रामगढ़ के पास गुरुवार को डंपर की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। घटना दोपहर लगभग एक बजे की है। मृतक रुबीलाल मोहली अमड़ापहाड़ी पंचायत के पुनसिया गांव का निवासी था। घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर रामगढ़ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और रुबीलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डंपर एवं बाइक को जब्त कर लिया है। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और परिजनों को नियमानुसार सरकारी मदद देने का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार, रुबीलाल रामगढ़ बाजार से घर लौट रहा था और इसी दौरान दुर्घटना हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रुबीलाल बाइक से काफी दूर बीच सड़क पर सिर के बल गिर गया। सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। उसने हेलमेट नहीं पहना था।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे परिजन व अन्य ● फोटोन न्यूज

बेरमो में सर्पदंश से महिला की मौत

BERMO : बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के तिसरी गांव की सोनिया देवी (26) की गुरुवार को सर्पदंश से मौत हो गई। मृतका के पति विलास तुरी ने बताया कि बुधवार की रात करीब 11.30 बजे वह अपनी पत्नी व चार बच्चों के साथ घर में जमीन पर सो रहे थे। तभी पत्नी के हाथ में किसी जहरीले सांप ने डंस लिया। काफी देर तक इसका पता नहीं चला। इस दौरान उसकी पत्नी उठी भी थी, लेकिन फिर वह सो गई। रात दो बजे के करीब सिर दर्द, चक्कर आने सहित सांप काटने के लक्षण दिखाई देने लगे। लेकिन, सांप नहीं दिखाई देने के कारण घटना से वे बेखबर रहे। हालत गंभीर होने पर उसे स्थानीय स्तर पर झाड़-फूंक कराया गया। इस दौरान उसकी बांह में सांप काटने का निशान दिखा। इसके बाद उसे तुरंत गोमिया के आईईएल अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया। परिजन सोनिया देवी को बोकारो ले जा रहे थे, इसी दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सोनिया देवी अपने पीछे दो पुत्र सन्नी कुमार, विक्की कुमार और दो पुत्री पूजा कुमारी व नंदनी कुमारी छोड़ गई है। पति विलास तुरी ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी सांप का कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना पर पहुंची चतरोचट्टी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल, तेनुघाट भेज दिया है। इधर, पंसस यशवंत कुमार व पूर्व पंसस बुधन रविदास ने प्रशासन को घटना की सूचना देते हुए पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

करम डाली लेकर दामोदर नदी में उतरी पांच बच्चियां बहीं

DHANBAD : झरिया स्थित सुदामडीह थाना क्षेत्र में बाई क्वार्टर छठ घाट पर गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। करमा पूजा के अवसर पर दामोदर नदी में स्नान करने गईं पांच बच्चियां अचानक गहरे पानी में चली गईं और तेज बहाव में बह गईं। हादसे की सूचना मिलते ही सुदामडीह पुलिस और गोताखोरों की एक विशेष टीम तुरंत मौके पर पहुंची। काफी खोजबीन के बाद रुक्मिणी कुमारी (12) का शव बिरसा पुल के पास से बरामद कर लिया गया। वहीं, दूसरी लापता बच्ची संध्या कुमारी की तलाश अभी भी जारी है। हालांकि, स्थानीय लोगों और मछुआरों ने तुरंत साहस दिखाते हुए बचाव कार्य शुरू किया। उनके त्वरित प्रयासों से तीन बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं, दो बच्चियां नदी की धार में बह गईं। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चियों को नदी की तेज धारा और गहरे पानी का अंदाजा नहीं लगा, जिसके कारण वे सभी संतुलन खो बैठीं। देखते ही देखते घाट पर अफरातफरी का माहौल हो गया।

विश्वविद्यालय विधेयक के खिलाफ अभाविप ने निकाली आक्रोश यात्रा

बिल की प्रति जलाकर किया विरोध प्रदर्शन, वापस लेने की मांग

AGENCY RAMGARH : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने झारखंड सरकार की ओर से पारित राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 का विरोध शुरू किया है। रामगढ़ कॉलेज के समीप गुरुवार को संगठन के लोगों ने विधेयक की प्रति जलाकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। अभाविप के सदस्यों ने कहा कि विश्वविद्यालय में कुलपति, प्रति कुलपति, वित्तीय सलाहकार, परीक्षा नियंत्रक एवं अन्य प्रमुख पदों पर नियुक्ति के अधिकार को राज्यपाल से हटाकर राज्य सरकार को देने का प्रावधान गलत है। यह विधेयक न केवल विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर प्रहार है, बल्कि एक संवैधानिक पद के अधिकारों में सीधा हस्तक्षेप है। जिला संयोजक सुदीप महतो ने कहा अभाविप इस विधेयक के अंतर्गत गठित झारखंड राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग का स्वागत करती है। लेकिन इस विधेयक के अंतर्गत केवल शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी की नियुक्ति एवं प्रमोशन का कार्य होना चाहिए, ना कि कुलपति, प्रति कुलपति की नियुक्ति का अधिकार होना चाहिए। सरकार जैक, जेपीएससी, जेएसएससी जैसी शैक्षणिक एवं नियुक्ति संस्थाओं के संचालन में लगातार विफल रही है। नगर मंत्री यशपाल महतो ने कहा सरकार इस विधेयक के माध्यम से लोकतांत्रिक तरीके से कैंपस में होने वाले छात्र संघ चुनाव पर भी प्रहार कर रही है।

वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को निगलना चाह रही है। विश्वविद्यालय में छात्र संघ के लिए अलग से चुनाव न कराना यह दशार्ता है कि यह सरकार छात्र संघ के माध्यम से उभरने वाले नए राजनीतिक, सामाजिक विमर्श और विद्यार्थी नेतृत्व को कुचलना चाह रही है।

रामगढ़ कॉलेज के पास प्रदर्शन करते छात्र

हाथियों ने घर पर बोला धावा, मलबे में दबकर मां-बेटे की हो गई मौत

KHUNTI : जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बकसपुर गांव में बुधवार की रात लगभग एक बजे हाथियों ने एक घर पर धावा बोल दिया। घर ध्वस्त होने से उसके मलबे में दबकर मां और उसके बेटे की मौत हो गई। मृतकों में एतवारी बारला (28) और पुत्र तुलसी बारला (4) शामिल हैं। मां बेटे की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलने पर तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने झामुमो कार्यकताओं को बकसपुर जाने का निर्देश दिया। झामुमो के पदाधिकारियों ने गांव में पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया और वन विभाग को बुलाकर तत्काल मुआवजा राशि दिलाई और गाड़ी कर पोस्टमार्टम के लिए दोनों शवों को सदर अस्पताल खूंटी भेजवाया। मौके पर झामुमो नेताओ ने शोक व्यक्त किया और दिगवंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

हाई स्कूल के क्लर्क के घर से हुई चार लाख की चोरी

घर में बिखरे सामान ● फोटोन न्यूज

PALAMU : सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा खुर्द में बुधवार की रात गिरेंद्र शुक्ला के घर चोरी हो गई। गिरेंद्र शुक्ला ब्राह्मण उच्च विद्यालय में क्लर्क हैं। चोरों ने नकद और गहनों समेत लगभग चार लाख रुपये की चोरी कर ली। सदर थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि बुधवार की रात घर के सभी सदस्य सो गए थे। सुबह में जब वे उठे तो देखा कि घर के एक कमरे का दरवाजा खुला है और कमरे में बक्से व सामान बिखरे पड़े हैं। गिरेंद्र शुक्ला की पत्नी ने हाल ही में तीज मनाने के बाद अपने गहनों को उसी कमरे में रखा था। हैरानी की बात यह है कि गहने और नकदी घर के सबसे अंतिम कमरे में रखे थे। इससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि चोरों को पूरी जानकारी थी। घरवालों का मानना है कि चोरी में स्थानीय लोग शामिल हो सकते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर दर्ज हो प्राथमिकी : सांसद

LOHARDAGA : लोहरदगा जिला परिषद सभाकक्ष में सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला विकास समन्वय और दिशा की बैठक आयोजित की गई। इसमें जिले के उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद,एसपी सादीक अनवर रिजवी सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में जिले के स्वास्थ्य, सड़क, आपूर्ति, आवास योजना, बिजली आपूर्ति, शिक्षा सहित सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही जिले के अधिकारियों को कई निर्देश दिये गये। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि जो भी सरकार की योजनाएं आम लोगो के लिए आती है उसे धरातल पर उतार कर आमलोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस दौरान सांसद सुखदेव भगत ने जिले में चल रहे करीब 32 विभागों के कार्यों को बारी बारी से समीक्षा कर विकास योजनाओं का हाल जाना और कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के कार्यों में एफआई आर और शोकॉज करने का निर्देश भी दिया है। दिशा की बैठक के दौरान कई विभागों के अधूरे कार्य और उदासीन रवैये को लेकर सांसद सुखदेव भगत ने अधिकारियों की जमकर फटकार भी लगाई है।

झारखंड के दो मंत्रियों को धमकी देने वाला युवक पटना से गिरफ्तार

AGENCY GIRIDIH : राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को बम से उड़ाने की धमकी दिये जाने संबंधी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गिरिडीह पुलिस सक्रिय हुई और देर शाम को युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त जानकारी एसपी डॉ विमल कुमार ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने कहा कि युवक को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि बुधवार को सोशल मीडिया पर गिरिडीह के बाभनटोली - राजेंद्र नगर के रहने वाले एक युवक अंकित कुमार मिश्रा का वीडियो सामने आया था। जिसमें युवक ने मंत्री सुदिव्य कुमार और मंत्री इरफान अंसारी को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। मामला पुलिस के संज्ञान में आया तो एसपी डॉ. बिमल कुमार ने तुरन्त इसे गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया। टीम में सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, साइबर डीएसपी आबिद खान, मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो, नगर थाना प्रभारी ज्ञान रंजन, साइबर थाना प्रभारी रामेश्वर भगत को शामिल करते हुए छापेमारी की गई। बताया गया कि टीम को आरोपित युवक का लोकेशन बिहार मिला। इसके बाद साइबर डीएसपी के साथ साइबर थानेदार और टेक्निकल टीम पटना पहुंची जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। गिरिडीह के एसपी डॉ बिमल कुमार ने युवक की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगे जांच चल रही है। प्रथम दृष्टया ऐसा नहीं लगता है कि इन युवाओं का संबंध किसी बड़े गैंगस्टर से है।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी व मामले की जानकारी देते एसपी डॉ. बिमल कुमार

फंदे पर लटकी मिली महिला की लाश

PALAMU : चैनपुर थाना क्षेत्र के अवसाने गांव निवासी प्रेम प्रकाश की पत्नी रोशनी कुमारी (20) की बुधवार रात फंदे पर लटकी लाश मिली। परिजनों के अनुसार, उसने मानसिक तनाव में आकर आत्महत्या कर ली। रोशनी कुमारी की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती थी। इसके कारण वह काफी परेशान और चिंतित रहती थी। हालांकि, फंदे से उतार कर परिजन मेदनीराय मेडिकल कालेज-अस्पताल ले गए, लेकिन वहां चिकित्सकों ने रोशनी कुमारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस चौकी की एएसआई सुशीला तियू गुरुवार की सुबह अस्पताल पहुंचीं और परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही चैनपुर थाना की पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

होमगार्ड जवानों के पीएफ व रिटायरमेंट बेनिफिट का रास्ता हो गया साफ

धनबाद में होगा राज्यस्तरीय सम्मेलन, निकलेगा विजय जुलूस

PHOTON NEWS DHANBAD : होमगार्ड जवानों के पीएफ व रिटायरमेंट बेनिफिट मिलने का रास्ता साफ हो गया है। एक-दो माह में ये दोनों लाभ जवानों को मिलना शुरू हो जाएगा। इसे लेकर राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। उम्मीद है कि शुक्रवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई के बाद इस मामले में आदेश जारी हो जाए। इस मामले पर झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने बताया कि जवानों को भविष्य निधि और एकमुश्त सेवानिवृत्ति लाभ देने के मामले को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। इस मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब की मांग की थी। इसी पर सरकार ने श्रम विभाग से मंतव्य मांगा था। विभाग ने भी इस मामले पर अपनी सहमति जता दी है और राज्य सरकार ने भी दोनों मांगों पर सकारात्मक जवाब दिया है।

फाइल फोटो

विजय जुलूस की हो रही तैयारी

रवि मुखर्जी ने बताया कि राज्य के होमगार्ड जवान काफी लंबे समय से भविष्य निधि और सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में 1.5 लाख रुपये एकमुश्त भुगतान की मांग करते आ रहे हैं। अब यह पूरा होने वाला है। इसी को लेकर सितंबर में विजय जुलूस निकालने की तैयारी हो रही है। इसके साथ ही राज्य सम्मेलन भी होगा। ये दोनों आयोजन धनबाद में होंगे।

नीरज सिंह हत्याकांड | संजीव सिंह ने हाईकोर्ट में लगाई थी न्याय की गुहार

आईओ व एपीपी को नोटिस जारी करने का आदेश

PHOTON NEWS DHANBAD : नीरज हत्याकांड में अदालत से बरी हुए झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह के आवेदन पर अदालत ने बड़ा आदेश पारित किया है। संजीव सिंह के अधिवक्ता मो. जावेद ने बताया कि धनबाद एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने कांड के अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी एवं मुकदमे का संचालन करने वाले अपर लोक अभियोजक सत्येंद्र कुमार राय के विरुद्ध नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। इस पर 8 सितंबर को सुनवाई होनी है।

संजीव सिंह ने 20 अगस्त को अदालत में अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी व अपर लोक अभियोजक सत्येंद्र कुमार राय के विरुद्ध शिकायतवाद दर्ज कराकर जांच और कार्रवाई की गुहार लगाई थी। अधिवक्ता मो. जावेद ने बताया कि

पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह

पूर्व विधायक संजीव सिंह (फाइल फोटो)

तीनों के विरुद्ध कोर्ट में धारा 230 व 231 के तहत मुकदमा चलाने की प्रार्थना की गई थी। आवेदन में कहा गया है कि हत्या जैसे जघन्य अपराध, जिसमें दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास या फांसी तक की सजा हो सकती है। संजीव सिंह को सजा दिलाने के लिए अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी ,अपर लोक अभियोजक सत्येंद्र कुमार राय ने सूचक अभिषेक सिंह के साथ मिलकर फर्जी सबूत तैयार किया और उसे अदालत में पेश किया गया। अनुसंधानकर्ता ने आदित्य राज के मोबाइल का फर्जी सीडीआर बनाया, ताकि उसे घटनास्थल पर दिखाया जा सके। इस बात की फर्जी इंट्री केस डायरी में की और कोर्ट में भी झूठा बयान दिया, ताकि संजीव सिंह को सजा मिल सके। यही नहीं, 13 अगस्त को अपर लोक अभियोजक ने सूचक के साथ मिलकर संजीव सिंह के मोबाइल का फर्जी दो पन्ने का सीडीआर अदालत में दायर किया और बताया कि यह प्रदर्श 16/4 है, जबकि प्रदर्श 16/4 वह दस्तावेज था, जिसे नोडल आफिसर द्वारा कोर्ट में साबित किया गया था। उसमें नोडल आफिसर आनंद माधव मिश्रा ने कहा था कि 15 मार्च 2017 से 23 मार्च 2017 तक आदित्य राज का लोकेशन गिरिडीह था।

अधिवक्ता मो. जावेद ने कहा कि अभियोजक का काम कभी भी किसी अभियुक्त को सजा दिलाने का नहीं होता, बल्कि न्याय व्यवस्था में सहयोग करना होता है। अदालत के फैसले से भी यह साबित हुआ कि आदित्य राज को फर्जी तरीके से घटनास्थल का चश्मदीद गवाह बताया गया था। उसका फर्जी काल डिटेल्ट दिया गया था।

विरोधाभासी बयानों से चाकूबाजी की गुत्थी सुलझाने में उलझ गई पुलिस

छह माह पूर्व पति-पत्नी के बीच महिला थाना में कराई गई थी सुलह

PHOTON NEWS DUMKA : गोपीकांदर थाना क्षेत्र के टेसाफुली में गोड्डा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मखनी मोहली टोला की खुशबू कुमारी बुधवार को खून से लथपथ हालत में मिली थी। उस पर मंगलवार की रात चाकू से जानलेवा हमला करने की बात सामने आई थी। इस मामले में गुरुवार शाम तक पुलिस कुछ भी स्पष्ट बता पाने की स्थिति में नहीं थी। खुशबू के बयान पर ही पुलिस अनुसंधान कर रही है। गुरुवार को गोपीकांदर थाना के एसआई मनोज सोरेन को बयान दर्ज करने के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इधर गुरुवार को अस्पताल में इलाजरत युवती का सीटी स्कैन और एक्सरे कराया गया। पीड़ित शारीरिक रूप से अब भी उठने-बैठने में असमर्थ है। ऐसे में एसआई बिना बयान लिए लौट गए।

वीरेन को पकड़ने के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

चाकूबाजी की घटना के बाद खुशबू का पति विरेन महतो फरार बताया जा रहा है। प्रथम दृष्टया पुलिस इस मामले में विरेन की भूमिका को भी संदिग्ध निगाह से देखकर जांच को आगे बढ़ा रही है। उसे ढूंढने के लिए छापेमारी कर रही है। चर्चा तो यह भी है कि घटना वाले दिन मौके पर एक नहीं दो लोग थे। बहरहाल, इस पूरे मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

मां ने कहा- भगवान का शुक्र है बेटी जिंदा बच गई

पीड़िता खुशबू की मां हेमंती देवी, मामा मंटू महतो और हेमंत महतो गुरुवार को फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में थे। पुलिस ने इन सभी से पूछताछ की। पीड़िता के पति वीरेन महतो के बारे में भी जानकारी लेने की कोशिश की। वहीं हेमंती देवी अपनी बेटी की गंभीर स्थिति को देखकर काफी सहमी हुई है। कहा कि भगवान का शुक्र है कि बेटी जिंदा बच गई है। कहा कि चार बेटियों में खुशबू कुमारी सबसे बड़ी है। उसकी शादी तीन वर्ष पहले गोड्डा थाना क्षेत्र के जीतपुर निवासी वीरेन महतो से कराई थी। एक वर्ष से दोनों में विवाद चल रहा था। छह माह पहले ही गोड्डा महिला थाना में सुलह कराया गया था। दामाद वीरेन महतो बाहर काम करने चला गया था। इसलिए बेटी मायका मखनी मोहली टोला में रह रही थी। हेमंती देवी ने कहा कि बीते मंगलवार को वह अपने पिता के घर डहरडांगी गई थी। मखनी स्थित घर में खुशबू और दो छोटी बहनों के अलावा उसका पति था। उसका पति मानसिक रूप से बीमार है। मंगलवार को तीज था, इसलिए मोहल्ले के लोगों ने खुशबू को शाम छह बजे तक सामान्य अवस्था में घर की तरफ देखा था। हालांकि शाम ढलने के बाद खुशबू के पति को किसी ने उसके घर आते नहीं देखा। उसकी बेटी पर जिसने भी जानलेवा हमला किया है, पुलिस जल्द से जल्द पकड़ कर कड़ी सजा दे। इधर मामा मंटू महतो ने कहा कि उन्हें भांजी खुशबू ने कहा था कि वह वीरेन के कहने पर ही रात में घूमने निकली थी। जाहिर है खुशबू के बयान और परिजनों के विरोधाभासी बयानों के बीच पुलिस की जांच आगे बढ़ने वाली है।

बहुत शीघ्र घटना का उद्भेदन कर लिया जाएगा। पुलिस तमाम बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। प्रथम दृष्टया पुलिस खुशबू के पति वीरेन महतो की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है।
– सुमित कुमार, थाना प्रभारी, गोपीकांदर, दुमका

झारखंड में आठ आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल की तादाद में हो रहा इजाफा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में दुनियाके आतंकी संगठनों से जुड़े स्लीपर सेल की तादाद में इजाफा हो रहा है। राज्य के सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, आठ प्रमुख आतंकी संगठनों- इंडियन मुजाहिद्दीन, स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट आफ इंडिया (सिमी), लश्कर-ए-तैयबा, अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस), इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस), पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई), जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब उत-तहरीर से जुड़े स्लीपर सेल झारखंड में अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। इन आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल मुख्य रूप से झारखंड के नौ जिलों में अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, जिनमें रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, पाकुड़, गोड्डा, धनबाद, और गिरिडीह शामिल हैं। इन इलाकों को आतंकी संगठनों ने न केवल अपनी गतिविधियों का केंद्र बना लिया है, बल्कि यहां वे अपनी अगली साजिशों की योजना भी तैयार कर रहे हैं। उनकी गतिविधियों और साजिशों को लेकर हमारी सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां सक्रिय हैं और उन्हें सफल करने के लिए कमर कसी हुई हैं।

रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, लोहरदगा, पाकुड़, गोड्डा, धनबाद और गिरिडीह में सक्रियता अधिक

मुख्य रूप से राज्य के नौ जिलों में तेजी से गतिविधियों को दिया जा रहा अंजाम, प्रशासन भी अलर्ट

- हिज्ब-उत-तहरीर के चार संदिग्ध आतंकियों को धनबाद से किया गया है गिरफ्तार
- एटीएस ने 26 अप्रैल 2025 को वासेपुर में छापेमारी कर गुलफाम, आयान जावेद, शबनम और मोहम्मद शाहजाद को किया था अरेस्ट
- शबनम की निशानदेही पर इंडियन मुजाहिद्दीन से जुड़ा अम्मार यासर भी हुआ था गिरफ्तार



एक्यूआईएस का नेतृत्व कर रहा था इश्तियाक

झारखंड एटीएस ने 26 अप्रैल 2025 को धनबाद के वासेपुर में छापेमारी कर हिज्ब उत-तहरीर के चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। इनमें गुलफाम हसन, आयान जावेद, शबनम परवीन और मोहम्मद शहजाद आलम शामिल हैं। बाद में शबनम की निशानदेही पर पांचवां संदिग्ध अम्मार यासर को भी पकड़ा गया, जो पहले इंडियन मुजाहिद्दीन से जुड़ा था। बता दें कि दिल्ली पुलिस और झारखंड एटीएस ने 22 अगस्त 2024 को रांची के चान्हो और बरियातू से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया था, जिनमें रेडियोलॉजिस्ट डॉ. इश्तियाक अहमद प्रमुख था। जांच में खुलासा हुआ था कि इश्तियाक अलकायदा इंडियन सब कॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) के झारखंड मॉड्यूल का नेतृत्व कर रहा था। उसका मकसद देश में खिलाफत की स्थापना करना और गंभीर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देना था। झारखंड एटीएस ने आठ नवंबर 2023 को गोड्डा व हजारीबाग से आतंकी संगठन आईएसआईएस के सक्रिय दो आतंकियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आतंकियों में आरिज हसनैन (गोड्डा के रहमतनगर महमूदनगर असनबनी निवासी) और नसीम (हजारीबाग के पेलावल ओपी स्थित महतो टोला निवासी) शामिल था। आरिज हसनैन और नसीम पाकिस्तान व अफगानिस्तान के आतंकी संगठनों के संपर्क में थे। इनका लक्ष्य फलिस्तीन जाकर फिदायीन हमला कर मस्जिद-ए-अल अक्सा को यहूदियों से आजाद कराना था। इससे पहले 2 अक्टूबर 2023 को देश में आईएसआईएस नेटवर्क खंगाल रही एनआईए के मोस्ट वांटेड तीन आतंकियों को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया था।

पाकुड़ बन रहा आतंक का नया गढ़

झारखंड एटीएस की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के 285 लोग देश-विदेश में सक्रिय प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े पाए गए हैं। जिन 285 संदिग्धों पर झारखंड पुलिस की नजर है, उनमें से सबसे ज्यादा 113 संदिग्ध अकेले पाकुड़ जिले से हैं, जो आतंकवाद का नया हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। एटीएस एसपी ऋषभ जा का कहना है कि एक रिपोर्ट में इन संदिग्धों की पूरी जानकारी एकत्र की गई है, जिसमें उनके नाम, पता, पिता का नाम, मोबाइल नंबर और अन्य महत्वपूर्ण विवरण शामिल हैं। इनमें से कई व्यक्ति पहले आतंकी घटनाओं में संलिप्तता के आरोप में जेल जा चुके हैं या जमानत पर रिहा हुए हैं। एटीएस ने इनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के लिए

285 संदिग्धों पर रखी जा रही नजर

झारखंड जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और खनिज संपदा के लिए जाना जाता है, आज आतंकी संगठनों की गहरी पैठ के कारण सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। झारखंड एंटी-टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की एक ताजा खुफिया रिपोर्ट ने चौंकाने वाला खुलासा किया है कि राज्य के 285 लोग देश और विदेश में सक्रिय प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े हुए हैं। जिन 285 संदिग्धों पर झारखंड पुलिस की नजर है उनमे से सबसे अधिक 113 संदिग्ध पाकुड़ जिले से हैं, जो आतंकवाद के एक नए गढ़ के रूप में उभर रहा है। यह खुलासा न केवल राज्य की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चिंताजनक है, बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर खतरे की ओर इशारा करता है। एटीएस की गोपनीय रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 285 लोग विभिन्न प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े हुए हैं।

BRIEF NEWS

राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को, पक्षकारों को भेजा जा रहा नोटिस

RANCHI : राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को सिविल कोर्ट रांची में किया जाएगा। झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह डालसा अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-एक के मार्गदर्शन में डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायिक पदाधिकारियों, न्यायिक दंडाधिकारियों, पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों, नोडल पुलिस पदाधिकारियों एवं पीएलवी के साथ बैठकें की जा चुकी है। सभी बैंक और इंश्योरेंस कंपनियों के साथ बैठकों का दौर जारी है। डालसा सचिव रवि भास्कर ने गुरुवार को कहा कि किसी भी न्यायालय में लंबित सुलहनीय मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलझाया जाएगा।

झारखंड जगुआर के जवान को सांप ने काटा, स्थिति गंभीर

RANCHI : झारखंड जगुआर के एक जवान को जहरीले सांप ने काट लिया। जिसके बाद उन्हें रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल जवान की हालत गंभीर बनी हुई है। जवान की पहचान मिथिलेश राम के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना झारखंड जगुआर के कैंप में देर रात लगभग 12 बजे की है। जवान को सांप काटने के बाद आनन-फानन में रिम्स लाया गया, जहां डॉक्टरों ने तुरंत उनका इलाज शुरू किया।

स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए खतरा बन चुके हैं कुत्ते

राजधानी के कई इलाकों में बढ़ गया है आवारा कुत्तों का आतंक

PHOTON NEWS RANCHI : रांची में आवारा कुत्तों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। शहर के कई इलाकों में आवारा कुत्तों का आतंक भी बढ़ा हुआ है। कुत्तों के झुंड अब आम जनता के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। हैरत की बात यह है कि नगर निगम के पास यह जानकारी नहीं है कि रांची में कुल कितने कुत्ते हैं। वहीं आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले छह सालों से कुत्तों की कोई गणना या सर्वे नहीं हुआ है, जिससे वास्तविक संख्या का पता लगाना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह-शाम सड़कों पर दौड़ते और झुंड में घेरते कुत्ते डर का कारण बन रहे हैं। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए ये कुत्ते खतरा बन चुके हैं। कई बार ये लोगों को दौड़ा रहे हैं, जिससे कि दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। कुछ लोग कुत्तों की वजह से चोटिल भी हो रहे है। नगर निगम ने कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए कैचिंग एंड स्टरलाइजेशन की प्रक्रिया शुरू तो की थी, लेकिन यह भी धीमी गति से चल रही है। इस काम की जिम्मेदारी नगर निगम ने होप एंड एनिमल ट्रस्ट नामक एनजीओ को सौंपी है। संस्था के पास संसाधनों और कर्मचारियों की कमी के कारण यह कार्य पूरी रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन एक दर्जन से ज्यादा कुत्तों की नसबंदी नहीं की जा सकती, जबकि वास्तविक जरूरत इससे कहीं अधिक है। वहीं, शहर के प्रमुख इलाकों जैसे कि कोकर, डोरंडा, बरियातू, हरमू और कांके जैसे इलाकों में हर गली में दर्जनों आवारा कुत्ते देखने को मिलते हैं।

शहर में कुत्तों की तादाद की रांची नगर निगम को जानकारी नहीं

- पिछले 6 सालों से शहर में नहीं की गई है गणना
- कैचिंग एंड स्टरलाइजेशन की प्रक्रिया भी पड़ गई है धीमी
- होप एंड एनिमल ट्रस्ट को नगर निगम ने दे रखा है काम
- कोकर, डोरंडा, बरियातू, हरमू और कांके जैसे इलाकों में हर गली में देखने को मिलते हैं दर्जनों कुत्ते



हर दिन डॉग बाइट के 200 केस

राजधानी में हर दिन 200 के करीब डॉग बाइट के केस आ रहे हैं। जिससे ये तो साफ है कि कुत्तों का शहर में आतंक बढ़ रहा है। कुत्ते के काटने पर लोगों को एंटी रेबीज की 5 डोज लेनी होती है। इस वजह से लोग भी परेशान हैं। वैक्सीन लगाने के लिए भी लोगों को घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।

बॉर्डर वाले एरिया का बहाना

नगर निगम की असिस्टेंट हेल्थ ऑफिसर डॉ. किरण कुमारी का कहना है कि जल्द ही पूरे शहर में एक व्यापक सर्वे कराया जाएगा, ताकि कुत्तों की वास्तविक संख्या का आंकलन किया जा सके। इसके आधार पर नसबंदी, टीकाकरण और पुनर्वास की योजनाओं को गति दी जाएगी। साथ ही कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कुत्तों की आबादी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र के बॉर्डर वाले इलाके में बाहर के कुत्ते आकर आबादी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्य योजना बनाई जा रही है, लेकिन सर्वे और संसाधनों की कमी है। फिलहाल रेंट पर गाड़ी लेने का निर्देश नगर प्रशासक ने दिया है।

NEWS BOX

सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामला एनएचआरसी में दर्ज, आजसू ने की सीबीआई जांच की मांग

RANCHI : सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामला दिल्ली की राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) तक पहुंच गया है। आयोग ने आजसू के केंद्रीय महासचिव संजय मेहता के आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजसू पार्टी ने इस घटना को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं और सीबीआई जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार, आजसू ने घटना के बाद लगातार 10 दिनों तक तथ्य जुटाए और 21 अगस्त को आयोग को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। इसके आधार पर आयोग ने 27 अगस्त को केस संख्या 1031/34/9/2025 के तहत मामला दर्ज कर लिया। संजय मेहता ने कहा कि सूर्या हांसदा मुख्याधारा से जुड़े व्यक्ति थे और चार बार चुनाव भी लड़ चुके थे। किसी भी मामले में अदालत ने उसे वांटेड घोषित नहीं किया था। ऐसे व्यक्ति की पुलिस एनकाउंटर में मौत होना बेहद गंभीर मामला है। मेहता ने आगे कहा कि हर नागरिक को अपनी बात रखने का अधिकार है। सजा देने का अधिकार अदालत का है, पुलिस का नहीं। आजसू पार्टी ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराने की मांग की है, ताकि सच सबके सामने आए।

मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मनोज पुनमिया को झारखंड हाईकोर्ट से झटका

RANCHI : पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपी मनोज पुनमिया को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने उनकी क्रिमिनल रिवीजन को खारिज कर दिया है। इससे पहले रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने मनोज पुनमिया के खिलाफ आरोप गठित कर दिया था और डिस्चार्ज याचिका भी खारिज कर दी थी। ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए उसने वर्ष 2012 में हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन दाखिल की थी। जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई। मनोज पुनमिया की ओर से अधिवक्ता कृष्ण कुमार ने बहस की। क्रिमिनल रिवीजन खारिज होने के बाद अब मनोज पुनमिया के विरुद्ध ट्रायल जारी रहेगा।

मगध-आम्रपाली कोल परियोजना में लेवी वसूलने वाले की जमानत याचिका खारिज

RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने मगध-आम्रपाली कोल परियोजना में लेवी वसूलने के आरोपी प्रदीप राम की जमानत याचिका खारिज कर दी है। प्रदीप राम के पास से लेवी के रूप में वसूले गये 57.57 लाख रुपये नकद जब्त किये गये थे। ईडी ने अम्रपाली परियोजना में त्रितीय प्रतुति कमेटी (टीपीसी) द्वारा लेवी वसूलने के आरोप में दर्ज प्राथमिकी को इसीआईआर के रूप में दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। इसमें यह पाया गया था कि प्रदीप राम टीपीसी के लिए काम करता था। प्रदीप राम कोल परियोजना में लगे ठेकेदारों सहित अन्य से टीपीसी के लिए लेवी वसूलता था। साथ ही वह लेवी की रकम को शेल कंपनियों के सहारे बैंकिंग चैनल में डालता था। यह हथकंडा अपना कर वह लेवी के पैसों को जायज कमाई साबित करने की कोशिश करता था। ईडी ने अम्रपाली-मगध परियोजना में लेवी वसूली के इस मामले में वर्ष 2016 में इसीआईआर दर्ज किया था। इसके बाद प्रदीप राम को गिरफ्तार कर लिया गया था। प्रदीप राम ने मनी लॉन्ड्रिंग के इस मामले में हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियुक्त की ओर से उसके पास से मिली राशि को जायज आमदनी बताने की कोशिश की गयी थी। वहीं ईडी की ओर से सुनवाई के दौरान प्रदीप राम द्वारा लेवी वसूलने और उसकी लॉन्ड्रिंग करने की बात कही गयी। न्यायालय ने सुनवाई के बाद प्रदीप राम की जमानत याचिका रद्द कर दी।

प्रधानमंत्री जन-धन योजना के पूरे हुए 11 वर्ष नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दी बधाई

RANCHI : नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना के 11 सफल वर्षों पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल बैंक खाते खोलने तक सीमित नहीं रही, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक सम्मान और नारी सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बनकर एक नई क्रांति लेकर आई है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौर में स्थिति ऐसी थी कि दिल्ली से भेजा गया 1 रुपया गरीब तक पहुंचते-पहुंचते मात्र 10 पैसे रह जाता था। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 56 करोड़ से अधिक बैंक खाते खुलवाकर डीबीटी के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया। बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

दो माह में 2,56,683 वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों से रोजाना वसूला जा रहा 42.78 लाख रुपये जुर्माना

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों विशेष रूप से बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में हर दिन बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों से औसतन 42.78 लाख रुपये का जुर्माना वसूला जा रहा है। झारखंड पुलिस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो महीने में राज्य के 24 जिलों में 2,56,683 दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट वाहन चलाते पकड़ा गया है। इसका मतलब है कि हर दिन औसतन बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वाले 4,278 चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत, बिना हेलमेट गाड़ी चलाने पर 1000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, जिसके हिसाब से एक दिन में 42.78 लाख रुपये और दो महीनों में 25.66 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया है। पुलिस द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, हजारीबाग और रांची में सबसे ज्यादा चालान काटे गए हैं। जबकि कई अन्य जिलों में भी बड़ी संख्या में कार्रवाई की गई है।

हजारीबाग और रांची में सबसे ज्यादा काटे गए चालान

- 60 दिनों में 25.66 करोड़ रुपये का वसूला गया जुर्माना
- मोटर वाहन अधिनियम के तहत- बिना हेलमेट गाड़ी चलाने पर 1000 रुपये तक की लगाई जा सकती है फाइन

कमल भूषण हत्याकांड : गृह विभाग के सचिव से शिकायत, न्याय की गुहार

सरकारी गवाह से जेलकर्मियों ने की मारपीट चार हजार छीन डिग्री पैक करने का आरोप

PHOTON NEWS RANCHI : चर्चित व्यवसायी कमल भूषण हत्याकांड में सरकारी गवाह मुनव्वर अफाक से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में जेल कर्मियों द्वारा मारपीट व अवैध वसूली का गंभीर आरोप सामने आया है। इस मामले में मुनव्वर के पिता कांटाटोली के रहने वाले अफाक अहमद ने गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है।

क्या लिखा है पत्र में : पत्र में आरोप लगाया गया है कि उनका पुत्र जो लंबे समय से न्यूरो और गैस्ट्रो संबंधी बीमारियों से पीड़ित है। उसे इलाज के लिए 26 अगस्त को रिम्स ले जाया गया था। वापस लौटने पर जेल के छोटा जमादार उदय करमाली और सुरक्षाकर्मी रमेश राम ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और जरूरी खर्च के लिए दिए गए 4,000 रुपये जबरन छीन लिए। इतना ही नहीं उसे सजा स्वरूप पगला सेल में डिग्री पैक कर दिया गया। जहां न उसे भोजन मिल रहा है और न ही दवाइयां। पिता ने ये भी आरोप लगाया है कि जेल कर्मियों द्वारा उससे 1 लाख की मांग की जा रही है, नहीं देने पर दूसरी जेल में स्थानांतरण की धमकी दी गई है। अफाक ने इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन बताते हुए दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुनव्वर की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है, उसे चक्कर आना और नाक से खून बहना जैसी गंभीर समस्याएं हो रही हैं।

न भोजन मिल रहा, न दवाइयां, मांगे जा रहे ₹1 लाख

- दूसरी जेल में स्थानांतरण की दी गई है धमकी
- जेल के छोटा जमादार उदय करमाली और सुरक्षाकर्मी रमेश राम पर है गंभीर आरोप

सोशल मीडिया का असर | आईपीएस से लेकर सिपाही स्तर के कर्मियों में परवान चढ़ रही रुचि

झारखंड पुलिस में रील्स बनाने का बढ़ता जा रहा क्रेज

PHOTON NEWS RANCHI : आज के डिजिटल दौर में सोशल मीडिया एक शक्तिशाली माध्यम बन चुका है, जहां आम लोग से लेकर अफसर तक अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की होड़ में दिख रहे हैं। समाज के सभी वर्गों के लोग किसी न किसी रूप में इस पर सक्रिय दिखाई पड़ रहे हैं। हल्के समय में झारखंड में भी पुलिस महकमे में सोशल मीडिया रील्स बनाने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। आईपीएस, एएसपी, डीएसपी, दरोगा से लेकर सिपाही स्तर तक के कर्मी पुलिस की वर्दी में रील्स बनाकर इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पोस्ट कर रहे हैं। अक्सर ये रील्स काम करने की जगह यानी थाने या फील्ड ड्यूटी के दौरान ही शूट की जाती हैं, जिससे न सिर्फ वर्दी की मयार्दा बल्कि पुलिस की पेशेवर छवि पर भी सवाल उठने लगे हैं।

अक्सर काम करने की जगह यानी थाने या फील्ड ड्यूटी के दौरान बनाई जाती हैं रील्स

वर्दी की मर्यादा और पुलिस की पेशेवर छवि पर समाज में लोग उठाने लगे हैं सवाल

- कई राज्यों में पुलिस विभाग ने अपने कर्मियों के लिए बनाई है सोशल मीडिया पॉलिसी
- विभागीय आचरण संबंधी नियमों के खिलाफ है वर्दी पहनकर रील्स बनाना और शेयर करना

पर्सनल अकाउंट का न करें अनावश्यक इस्तेमाल

झारखंड सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन में यह भी निर्देश दिया गया है कि कार्यालय समय के दौरान कर्मचारी अनावश्यक रूप से अपने व्यक्तिगत सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल न करें। कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल से संबंधित शिकायतों या मुद्दों को वीडियो, फोटो या किसी अन्य रूप में सोशल मीडिया पर साझा करने से मना किया गया है।

वर्दी की गरिमा को बनाए रखना जरूरी

देश के कई राज्यों में पुलिस विभाग ने अपने कर्मियों के लिए सोशल मीडिया पॉलिसी बनाई है, ताकि वदीधारी कर्मियों द्वारा सोशल मीडिया के अनुचित उपयोग को रोका जा सके। कारण साफ है कि वर्दी पहनकर रील्स बनाना और उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर करना विभागीय आचरण संबंधी नियमों के खिलाफ मानी जाती है। इससे वर्दी की गरिमा और पुलिस की छवि दोनों प्रभावित हो सकती है। झारखंड सरकार ने भी अपने कर्मचारियों के लिए इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल पर विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। यह गाइडलाइन 4 फरवरी 2025 को कार्मिक विभाग द्वारा जारी की गई है।

'आदि कर्मयोगी अभियान' से 545 गांवों में हुई विकास की नई शुरुआत

जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ना है उद्देश्य : सौरभ भुवनिया

PHOTON NEWS RANCHI : जिला प्रशासन ने आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 545 अनुसूचित जनजाति बहुल ग्रामों के समग्र विकास हेतु जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्घाटन उप-विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। अभियान का उद्देश्य शिक्षा, आजीविका, स्वास्थ्य और सामाजिक-सांस्कृतिक उत्थान के माध्यम से जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ना है। सौरभ भुवनिया ने कहा, यह अभियान उत्तरदायी शासन और सामुदायिक विकास का मॉडल है, जिससे हर ग्राम आत्मनिर्भर बन सकेगा।

उन्मुखीकरण कार्यक्रम में आईटीडीए निदेशक संजय भगत, डीआरडीए निदेशक सुदर्शन मुर्मू और शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व स्वयंसेवी संगठनों ने भाग लिया। उप-विकास आयुक्त ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक जनजातीय बाहुल्य गांव आत्मनिर्भर बने, और वहां के निवासियों को बेहतर अवसर मिलें। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों, स्थानीय संस्थाओं और व्यक्तियों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

समाचार सार

एमबीएनएस के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

JAMSHEDPUR : रेड एफएम तशनबाज के तत्वावधान में गुरुवार को एमबीएनएस ग्रुप के संस्थान में भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें नृत्य, गायन सहित अन्य प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी कुम्भाकर, शख्या कुमारी व अशोक प्रमाणिक ने अपने प्रदर्शन से खूब प्रशंसा प्राप्त की।

सोना देवी विश्वविद्यालय में फ्रेशर्स वीक शुरू

GHATSILA : सोना देवी विश्वविद्यालय में फ्रेशर्स वीक मनाया जा रहा है। पहले दिन गुरुवार को कुलपति डॉ. जेपी मिश्रा ने विश्वविद्यालय परिसर में बने वातानुकूलित ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया। इसमें करीब 200 लोगों की बैठने की क्षमता है। कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में विद्यार्थियों की उपस्थिति को यादगार बताया। 28 अगस्त से 6 सितंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कई आयोजन होंगे।

ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर बना गणेश पूजा पंडाल

GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला प्रखंड में धूमधाम से गणेश पूजा हो रही है। शहरी क्षेत्र में कई भव्य पंडाल बनाए गए हैं, जिसमें व्हाइट इलेवन क्लब फुटबॉल ग्राउंड मऊभंडार में सिल्वर जुबिली मना रहा है। एवरग्रीन क्लब लालडीह ने ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर भव्य पंडाल बनाया है। पूरा पंडाल सीसीटीवी कैमरे की नजर में है। पंडाल के अंदर कई आकर्षक मिसाइल बनाए गए है। इससे श्रद्धालुओं की भीड़ की खिंची चली आ रही है। यहां गुरुवार को भोग वितरण किया गया। इसके साथ ही दाहीगोड़ा सहित अन्य क्षेत्रों में पंडाल बनाकर पूजा की जा रही है। लालडीह पूजा पंडाल में लगातार चार दिन तक धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

पुलिस ने 19 किलो डोडा ले जा रहे व्यक्ति को दबोचा

BAHRAGORA : पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में करकट्टा गांव स्थित एनएच-18 पर बुधवार शाम पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दादा होटल के पास बाइक से डोडा ले जाते हुए एक व्यक्ति को दबोचा। पुलिस ने बरसोल थाना क्षेत्र के खंडामौदा गांव निवासी अतुल कुंवर को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से करीब 19 किलो डोडा बरामद हुआ। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

ईटीवी के पूर्व सीनियर कैमरामैन रीतेश का निधन

JAMSHEDPUR : ईटीवी के पूर्व सीनियर कैमरामैन रीतेश कुमार का गुरुवार सुबह टीएमएच में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे एक साल से कोमा में थे। वे गत वर्ष बिष्टुपुर में हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ब्रेन इंज्यूरी के बाद में वे कोमा में चले गए थे। बेटे रितिक ने बताया कि पिता का अंतिम संस्कार शुक्रवार को बिष्टुपुर स्थित पार्वती घाट पर होगा। शुरूआत में रीतेश का इलाज टीएमएच में हुआ था, जिसके बाद परिजन पहले रिम्स रांची और फिर दिल्ली ले गए थे। विभिन्न अस्पतालों में इलाज के बाद पिछले महीने उन्हें दिल्ली से रांची रिम्स लाया गया था। शहर के लोगों, पत्रकारों, विधायक सरयू राय,अमरप्रीत सिंह काले समेत कई लोगों ने आर्थिक सहायता की थी। 22अगस्त को उन्हें रिम्स के ट्रॉमा सेंटर से डिस्चार्ज कर दिया गया था, जिसके बाद परिजन रीतेश को आदित्यपुर स्थित आवास लेकर आ गए थे। यहां 24 अगस्त को तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें टीएमएच में दाखिल कराया गया था। परिवार की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल हो चुकी है। इलाज कराते-कराते वे कर्ज में डूब चुके हैं। हालात को देखते हुए झामुमो के प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने टीएमएच प्रबंधन से बात करके बिल माफ कराया।

टाटानगर स्टेशन चौक पर भाजपा 4 को देगी धरना

JAMSHEDPUR : भाजपा, जमशेदपुर महानगर 4 सितंबर को टाटानगर रेलवे स्टेशन चौक स्थित शिव मंदिर के समीप सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक धरना देगी। इसमें सुंदरनगर, घाघीडीह, बागबेड़ा, जुगसलाई और परसुडीह क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न जनसमस्याओं को उठाया जाएगा। इसे लेकर गुरुवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि धरना के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।

टाटा स्टील के कर्मचारियों को ₹ 3,92,213 तक मिलेगा बोनस

कंपनी प्रबंधन व टाटा वर्कर्स यूनियन ने किया वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए समझौता

PHOTON NEWS JSR : वित्तीय वर्ष 2024-2025 के वार्षिक बोनस के भुगतान के लिए टाटा स्टील और टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच 28 अगस्त को एक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। इसके अनुसार, वर्ष 2024-2025 के लिए वार्षिक बोनस के रूप में कंपनी के सभी संबंधित प्रभागों-इकाइयों के पात्र कर्मचारियों को 303.13 करोड़ रुपये भुगतान किया जाएगा। इसके तहत वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारियों को न्यूनतम (पूर्ण उपस्थिति पर) 39,004 रुपये और अधिकतम (वास्तविक उपस्थिति पर) 3,92,213 रुपये दिया जाएगा। इसमें से, जमशेदपुर के ट्यूब सहित अन्य अनुषंगी कंपनियों के लिए, लगभग 11,446 कर्मचारियों में 152.44 करोड़ रुपये की राशि वार्षिक बोनस के रूप में वितरित की जाएगी। चूंकि स्टील कंपनी के हमारे अधिकांश कर्मचारी बोनस भुगतान (संशोधन) अधिनियम, 2015 में निर्धारित सीमा से अधिक वेतन/मजदूरी प्राप्त कर रहे हैं, इसलिए वे अधिनियम के तहत बोनस के पात्र नहीं हैं। हालांकि, अपनी पुरानी परंपराओं का सम्मान करते हुए, कंपनी संघबद्ध श्रेणी के सभी कर्मचारियों को बोनस का भुगतान करने जा रही है। इस समझौते पर गुरुवार को प्रबंधन की ओर से टीवी नरेंद्रन (सीईओ एवं एमडी), अत्रेयी सान्याल (मुख्य जन अधिकारी) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और यूनियन की ओर से टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी व महासचिव सतीश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने उप श्रम आयुक्त अरविंद कुमार की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

समझौते की प्रति दिखाते एमडी टीवी नरेंद्रन, अत्रेयी सान्याल व यूनियन नेता

6 सितंबर को बैंक खाते में जाएगी राशि

टाटा स्टील में कर्मचारियों को 16.68 प्रतिशत के हिसाब से बोनस मिला है। इसकी राशि 6 सितंबर को कर्मचारियों के बैंक खाते में जाएगी।

ट्यूब कंपनी के कर्मियों को भी मिलेगा बोनस

ट्यूब कंपनी के कर्मचारियों को न्यूनतम 39,004 रुपये व अधिकतम 1,10,547 रुपये मिलेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार का बोनस थोड़ा कम है।

इस तरह निर्धारित हुआ बोनस

टाटा स्टील व टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच जो बोनस समझौता हुआ, उसे इस प्रकार निर्धारित किया गया।

- कंपनी के 9255.05 करोड़ रुपये नेट प्रॉफिट का 1.5 प्रतिशत : 138.83 करोड़ रुपये
- 14.83 टन स्टील उत्पादन का 1.5 प्रतिशत मूल्य : 41.5 करोड़ रुपये
- उत्पादकता बोनस : 87.5 करोड़ रुपये
- सुरक्षा (सेफ्टी) बोनस : 5 करोड़ रुपये
- **कुल : 272.83 करोड़ रुपये**
- अतिरिक्त राशि प्रबंधन द्वारा 30.30 करोड़ रुपये
- **कुल बोनस : 303.12 करोड़**

बारिश से दो मकानों की दीवारें गिरीं, मुआवजे की मांग हुई तेज

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड के हल्दीपोखर स्थित कुम्हार पाड़ा में गुरुवार को भारी बारिश के कारण दो कच्चे मकानों की दीवारें अचानक ढह गईं। हादसे में किसी की जान तो नहीं गई, लेकिन घरों में रह रहे परिवारों को हल्की चोटें आईं और उनका काफी सामान नष्ट हो गया। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है और पीड़ित परिवार प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। घटना की जानकारी के अनुसार, बारिश के कारण राजेश तामान और भगत दास के कच्चे मकानों की दीवारें भरभराकर गिर गईं। घटना के समय घर के सदस्य अंदर ही मौजूद थे, लेकिन समय रहते बाहर निकल जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, दीवार गिरने से घर के कई जरूरी सामान मलबे में दब गए और खराब हो गए। दोनों परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं और अब उनके पास सिर छुपाने तक की जगह नहीं बची है। हादसे के बाद पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मदद की अपील की है। उनका कहना है कि लगातार हो रही बारिश से उनके घर पहले ही कमजोर हो गए थे, लेकिन किसी तरह गुजर-बसर कर रहे थे। अब पूरी तरह से बेघर हो जाने के बाद वे बेहद मुश्किल स्थिति में पहुंच गए हैं।

बाइक के नंबर से पकड़े गए छिनतई करने वाले दो बदमाश

डोबो पुल के पास बुधवार को ट्रक चालक से छीना था सोने का लॉकेट

PHOTON NEWS JSR : सोनारी थाना क्षेत्र में डोबो पुल के पास ट्रक चालक नवीन कुमार के साथ बुधवार को हुई छिनतई की वारदात ने शहर में सनसनी फैला दी थी। बाइक सवार दो बदमाशों ने नवीन के गले से सोने का लॉकेट (ताबीज) चेन समेत छीन ली और फरार हो गए थे। इसके बाद सोनारी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। डीएसपी ने गुरुवार को एसएसपी ऑफिस में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि ट्रक चालक ने डोबो पुल के पास ट्रक रोका और वह लघुशंका के लिए गाड़ी से उतरा। इसके बाद जैसे ही वह गाड़ी पर चढ़ा। दो बदमाश बाइक से ट्रक के पास पहुंचे और इनमें से एक बदमाश ट्रक की केबिन में चढ़ गया और चालक के गले से सोने का लॉकेट छीन कर फरार हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। इसी दौरान बदमाशों की बाइक का नंबर सामने आया, जिसके आधार पर उनकी पहचान की गई। गिरफ्तार बदमाशों में एक का नाम विक्की सिंह है, जो गोलमुरी सर्कस मैदान का निवासी है, जबकि दूसरा आरोपी हरदीप सिंह बजरंग नगर, गोलमुरी का रहने वाला है। पूछताछ के बाद साकची से सोने की ताबीज को बरामद किया गया, जिसका वजन तीन ग्राम है। गिरफ्तार दोनों अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है और वे पहले भी जेल जा चुके हैं।

गिरफ्त में आरोपी व मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी

विहिप के स्थापना दिवस में धर्मांतरण व घुसपैठ पर जताई गई चिंता

JAMSHEDPUR : विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस गुरुवार को बिष्टुपुर स्थित हिंदूपीठ में मनाया गया। इस मौके पर सिंहभूम विभाग मंत्री अरुण सिंह ने धर्मांतरण व घुसपैठ को झारखंड के लिए खतरा बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड में गरीब, पिछड़े, दलित और आदिवासियों का धर्मांतरण कर ईसाई और मुस्लिम बनाना एक बडी समस्या है। इससे झारखंड की डेमोग्राफी मे बदलाव आया है। इसे रोका नहीं गया तो झारखंड मे हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएंगे। ऐसी चुनौतियों से विहिप की लडाई जारी रहेगी। जनजागरण के माध्यम से धर्मांतरण पर रोक लगाने का काम विहिप करेगी। कार्यक्रम में कई जनमानस उपस्थित रहे।

तीन महिलाओं की हत्या में 5 को हुआ आजीवन कारावास

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र में गत वर्ष हुए एक हत्याकांड में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इन अभियुक्तों में मंगल सिंह सिंकू, मोटरा सिंकू, जोगेन सिंकू, सोमा सिंकू और टुपरा सिंकू शामिल हैं। सभी हाटगम्हरिया थाना अंतर्गत बड़ानूरदा गांव के चेतान साई ऊपरटोला निवासी हैं। इन पांचों अभियुक्तों पर आरोप था कि इन्होंने जमीन विवाद के कारण हाटगम्हरिया थाना अंतर्गत बड़ानूरदा गांव के रोयवारी सिंकु, रायमुनी सिंकु और रसिका सिंकु की हत्या कर दी थी और शव को केंदपोसी व तालाबुरू के बीच रेलवे लाइन पर फेंक दिया था। सभी अभियुक्तों पर 15-15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने जगन्नाथपुर थाना अंतर्गत कुटीयापदा निवासी हामिद अंसारी के पुत्र मानसुर अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मानसुर अंसारी पर 2020 में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोप है। अभियुक्त पर 20,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है।

टेल्को के थीम पार्क स्थित तालाब में मिला छात्र का शव

थीम पार्क में शव देखने के लिए लगी भीड़ ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : टेल्को थीम पार्क स्थित तालाब से गुरुवार को 15 वर्षीय छात्र कुणाल कुमार का शव बरामद हुआ है। माना जा रहा है कि युवक की हत्या कर शव तालाब में फेंका गया है। शव मिलने की सूचना मिलने के बाद इलाके के लोग इसे देखने के लिए तालाब के किनारे जुट गए। पुलिस ने युवक का शव बाहर निकलवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को भी आशंका है कि कुणाल की हत्या की गई है। गौरतलब है कि बारीगोड़ा (देवभूमि टोला) निवासी कुणाल 26 अगस्त की सुबह व्यायाम के लिए थीम पार्क गया था, लेकिन घर नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, तभी तालाब में शव मिलने की सूचना मिली। शव की पहचान कपड़ों और गले में तिल के निशान से हुई। कुणाल एबीएमपी हाई स्कूल (राहड़गोड़ा) में कक्षा 10 का छात्र था। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम होने के बाद जांच आगे बढ़ेगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट बताएगी कि युवक की मौत कैसे हुई है। कुणाल की हत्या के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

नहीं पकड़े जा सके बाल बंदी, डीसी-एसपी पहुंचे संप्रेक्षण गृह

CHAIBASA : चाईबासा स्थित संप्रेक्षण गृह से मंगलवार की आधी रात को फरार हुए दो बाल बंदी अब तक नहीं पकड़े जा सके हैं। इसी बीच गुरुवार को पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने संप्रेक्षण गृह और बाल कुंज का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। घटना के बाद से ही जिला पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है। सुबह उठने के बाद रिमांड होम प्रशासन को उनकी अनुपस्थिति का पता चला। दो बच्चे विभिन्न आरोपों में रिमांड होम में लाए गए थे। उनकी गैरहाजिरी ने रिमांड होम प्रशासन की हवा निकाल दी। बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे दीवार फांदकर वहां से फरार हुए हैं।

पायल सिनेमा की ओर मानगो फ्लाईओवर में बन सकते दो रैम्प

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने गुरुवार को विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से मानगो फ्लाईओवर की डिजाइन में संशोधन कर पायल सिनेमा की ओर से आने-जाने वाले ट्रैफिक के लिए रैम्प को दोतरफा करने, अन्ना चौक से गोविंदपुर पथ को शीघ्र आरंभ करने, भुइयांडीह-लिट्टी चौक से भिलाईपहाड़ी तक जाने वाले स्वर्णरेखा नदी पर फोरलेन पुल का काम शुरू करने, कदमा-शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर-4 से खरकई नदी के किनारे होते हुए जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण करने तथा गोविंदपुर एवं जेम्को-जोजोबेड़ा में रेल ऊपरी पथ बनाने का मामला उठाया। उनके इस ध्यानाकर्षण के उत्तर में सरकार ने मानगो फ्लाईओवर के पायल सिनेमा की ओर जाने वाले रास्ते में रैम्प को दोतरफा करने पर विचार करने का आश्वासन दिया है। लिट्टी चौक से एनएच-33 को जोड़ने वाले सड़क पर पुल का काम शीघ्र शुरू करने की भी बात कही गई।



अन्ना चौक से गोविंदपुर पथ तक फोरलेन ऊपरी पथ के मामले में सरकार ने ठोस वादा नहीं किया। सरकार ने कदमा-शास्त्री नगर नदी किनारे सड़क का चौड़ीकरण के बारे में भी फिलहाल कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया। हां, इन दोनों योजनाओं पर विचार करने का आश्वासन जरूर दिया। मानगो फ्लाईओवर के बारे में सरकार ने सरयू राय की बात मानने का आश्वासन दिया है।

फॉलोअप करीब 15 वर्षों से चल रहा था जॉब रैकेट का अवैध कारोबार, डर से अभ्यर्थी नहीं खोलते थे जुबान

‘यस सर और नो सर’ के नाम से थी संस्था की पहचान

RAJESH CHOUBEY @ GHATSILA : नौकरी दिलाने के नाम पर युवक और युवतियों से ठगी करने का खेल नया नहीं है। घाटशिला के लिए, यह खेल विगत 10 से 15 वर्षों से बिना किसी रूकावट के चला आ रहा था, यदि कहा जाए तो प्रशासन का अप्रत्यक्ष सहयोग भी इसमें रहा। इसके कारण ही निरंतर लंबे समय तक बिना किसी रोक-टोक के यह धंधा चलता रहा। इससे पहले कभी ग्लेज इंडिया के नाम से इस क्षेत्र में यह धंधा चल रहा था। इन सबके बावजूद डर के मारे अभ्यर्थी जुबान नहीं खोलते थे। अखबारों के माध्यम से दबाव बनने के कारण पुलिस की कार्रवाई से कुछ महीनो के लिए यह धंधा बंद पड़ गया था, लेकिन फिर से यह धंधा प्रारंभ हो गया। जिसका खुलासा गुरुवार को वरीय आरक्षी अधीक्षक पीयूष पांडेय ने किया। ग्रुप में कुछ एक्सपर्ट होते थे, जो फोन के माध्यम से भोले-भाले युवक-युवतियों को फांसते थे। अनुभवी नेटवर्क वाले लोग मायाजाल में फांसकर उन्हें बड़े-बड़े सपने दिखाते थे। प्रारंभ में निबंधन के नाम पर 10,000 फिर 15,000 और अब 25,000 रुपये वसूला जाने लगा था। यहां आने के बाद उन्हें एक कमरे में रखा जाता था, जहां कई सदस्य रहते थे। इन सदस्यों को कठोर अनुशासन में रखा जाता था। यहां खाने-पीने तक की सुविधा उपलब्ध कराई जाती थी। यहां आने के बाद उन्हें एक ड्रेस कोड दिया जाता था। रोज उन्हें ऊंचे-ऊंचे बड़े सपने दिखाए जाते थे, जिससे प्रारंभ में इस गिरोह में फंसे हुए युवकों को यह लगता था कि वह भी बहुत कम समय में लखपति और करोड़पति बन सकते हैं। इस क्लास में केवल यस सर और नो सर की आवाज सुनाई पड़ती थी, जिसके कारण घाटशिला वासी इन बच्चों को यस सर-नो सर के नाम से भी पुकारते थे।

घाटशिला से मुक्त कराए गए युवक (फाइल फोटो)

बनारस की युवती के कारण हो चुका था विवाद

आज से एक वर्ष पहले बनारस की एक पढ़ी-लिखी युवती को गिरोह के सदस्यों ने अपने चंगुल में फसाया था। वह यहां आकर वास्तविकता जान गई और कुछ ही दिनों के अंदर वह इससे मुक्ति चाहती थी, लेकिन गिरोह के लोग उसे बाहर नहीं जाने देते थे। मौका निकाल कर युवती ने स्थानीय लोगों से शिकायत की, जिस पर पुलिसिया कार्रवाई भी हुई, लेकिन उस लड़की को मुक्त करने के बाद गिरोह के संचालक पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई थी। इसी प्रकार घाटशिला अनुमंडल के ही एक स्थानीय युवक को भी इस गिरोह के सदस्यों ने अपने चंगुल में फंसाया था। उसे भी प्रताड़ित करने का प्रयास किया जा रहा था। चूंकि वह स्थानीय था, जिसके कारण उसके मित्र और अन्य लोगों ने आकर संचालक पर दवाब बनाया और युवक को लेकर यहां से निकल गए। उस समय भी पुलिस को इन सब घटना की जानकारी थी, लेकिन इस अवैध कारोबार को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया गया था। कई लोगों का कहना है कि घाटशिला की अर्थव्यवस्था में इन युवकों का बड़ा योगदान था। प्रतिदिन यहां के युवक होटल, ठेलों व दुकानों से एक-डेढ़ लाख रुपये की खरीदारी करते थे। कई लोगों का रोजगार बाहर से आए हुए इन युवकों की सहायता से ही चलता था।.घाटशिला के अधिकांश क्षेत्रों में इस गिरोह ने ऊंचे किराए पर आवास लिया था। अब इनके चले जाने से घाटशिला में प्रतिदिन एक लाख से भी अधिक का लेन-देन बंद हो गया है।

आपसी विवाद के कारण हुआ खुलासा

बताया जा रहा है कि ग्रुप को लेकर इस गिरोह के सदस्य दो अलग-अलग खेमो में बट गए थे। दाहीगोड़ा में रहने वाले युवकों का नेतृत्व बिहार के एक युवक द्वारा किया जाता था, जबकि लालडीह और राजस्टेट में रहने वाले युवकों का नेतृत्व जमशेदपुर के गोविंदपुर निवासी युवक द्वारा किया जाता था। इस बीच बिहार के युवकों का नेतृत्व करने वाले टीम को गोविंदपुर के युवक ने तोड़ दिया, जिसके कारण यह शिकायत एसएसपी कार्यालय तक पहुंची और कार्रवाई हुई।

कपाली में भी फर्जी जॉब रैकेट का भंडाफोड़, चार युवक हिरासत में

हिरासत में लिए गए फर्जी जॉब रैकेट के आरोपी ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से मोटी रकम वसूल रहे ठगों को कपाली ओपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक तामोलिया क्षेत्र में रहकर भारत के अलग-अलग राज्यों से आए भोले-भाले युवकों को कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा देते थे। हाल ही में उन्होंने कई युवकों से 30 से 35 हजार रुपये तक वसूले और उन्हें नौकरी के नाम पर प्रोडक्ट प्रचार कार्य में लगा दिया। करीब 200 से अधिक युवक इस ठगी का शिकार हो चुके हैं। आज सुबह कुछ पीड़ित युवकों ने स्थानीय लोगों को ठगी की जानकारी दी। इसके बाद लोगों ने मौके पर मौजूद चार सुपरवाइजरों को रोककर पूछताछ की और कपाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सभी आरोपियों को ओपी ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी। कपाली ओपी प्रभारी धीरंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवकों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश चल रही है कि इस पूरे नेटवर्क में और कौन शामिल है।

मधुमेह से बचाव में फायदेमंद होती है खड़े रहने की आदत

अक्सर स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए चहलकदमी और व्यायाम का सुझाव दिया जाता है, लेकिन इस मामले में खड़े रहने की आदत भी मददगार साबित हो सकती है। एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2

फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर

रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।

खराब इंसुलिन प्रणाली मधुमेह की वजह

एनर्जी मेटाबॉलिज्म और रक्त शर्करा के नियमन में इंसुलिन एक प्रमुख हार्मोन है। कई बार वजन अधिक होने से शरीर में इंसुलिन के सामान्य फंक्शन में गड़बड़ी हो सकती है, जिससे इंसुलिन संवेदनशीलता कम हो जाती है और टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों का खतरा बढ़ जाता है। टाइप 2 मधुमेह दुनियाभर में सबसे आम जीवनशैली की बीमारियों में से एक है। इसकी शुरुआत आमतौर पर बिगड़ी हुई इंसुलिन संवेदनशीलता या इंसुलिन प्रतिरोध से होती है। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें शरीर सामान्य रूप से इंसुलिन पर प्रतिक्रिया नहीं करता है और रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है।

एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2 मधुमेह से बचाव के मामले में खड़े रहना फायदेमंद होता है। फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता के बीच संबंध पाया गया है। इतना ही नहीं रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।

गतिहीन व्यवहार से इंसुलिन प्रणाली प्रभावित

जीवनशैली का इंसुलिन में रुकावट और टाइप 2 मधुमेह के विकास पर एक गहरा प्रभाव पड़ता है। इन समस्याओं की रोकथाम में नियमित शारीरिक गतिविधि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालांकि अब तक इंसुलिन की रुकावट पर गतिहीन व्यवहार, लगातार बैठे रहने के बीच ब्रेक और खड़े रहने की आदत के प्रभावों के बारे में बहुत कम जानकारी है। तुर्कू पीईटी सेंटर और यूकेके संस्थान के हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इंसुलिन में बाधा और गतिहीन व्यवहार के बीच संबंध की जांच की। इसके

निष्क्रियता के साथ टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों के विकास के बढ़ते जोखिमों को भी देखा।

अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि रोजमर्रा की नियमित शारीरिक गतिविधि या बैठने के समय, फिटनेस स्तर से अलग स्वतंत्र रूप से खड़े रनहा बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा

एवं तुर्कू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तारू गर्थवेट का कहना है कि अध्ययन के निष्कर्ष रोजाना बैठने के समय के एक हिस्से में लोगों को खड़े रहने के लिए प्रेरित करेंगे। खासकर अगर शारीरिक गतिविधि की जरूरतों को पूरा नहीं किया जाता है तो यह तरीका मददगार हो सकता है।

जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम होगी

भी जोर देता है। अध्ययन परिणाम बताते हैं कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस या बैठने में लगने वाले समय की तुलना में शरीर में वसा के प्रतिशत में इजाफा इंसुलिन संवेदनशीलता के मामले में अधिक महत्वपूर्ण कारक है। दूसरी ओर खड़े होना शरीर की संरचना के बावजूद इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा था। शोधकर्ताओं का कहना है कि नियमित व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है।

मगर ऐसा लगता है कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस और गतिहीन व्यवहार भी इंसुलिन मेटाबॉलिज्म से जुड़े हुए हैं, लेकिन परोक्ष रूप से यह शरीर की संरचना पर उनके प्रभाव के माध्यम से जुड़े हैं। जर्नल ऑफ साइंस एंड मेडिसिन इन स्पोर्ट में प्रकाशित इस अध्ययन के आधार पर अभी तक कारण प्रभावों का अनुमान नहीं लगाया जा सका है। लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार परिणाम बताते हैं कि यदि पर्याप्त शारीरिक गतिविधि नहीं की जा रहीं तो रोजाना खड़े होने का समय बढ़ाने से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम में मदद मिल सकती है।

कम नींद लेने से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार 60% से ज्यादा भारतीय सोचते हैं कि नींद लेना कोई प्राथमिकता नहीं है। पिछले कुछ सालों में नींद के महत्व और आवश्यक नींद पूरी न होने से जुड़े खतरों के बारे में बताए जाने के बाद भी लोग नींद को उतनी अहमियत नहीं देते जितना कि व्यायाम को देते हैं। हाल ही में देशभर में हुए सर्वेक्षणों से पता चला है कि देश में नींद की कमी गंभीर चिंता का कारण क्यों है?

यहां तक देखा गया है कि लोगों को यह कहने में फख महसूस होता है कि वे 4-5 घंटे ही सोते हैं और अपने बाकी के सभी कामों को प्राथमिकता से करते हैं। यदि इस तरह के कम सोने वाले लोग अपनी नौकरी, व्यवसाय व घर-परिवार में कुशल हों तब तो ऐसे लोगों का उदाहरण दूसरे लोगों के लिए पेश किया जाता है कि 'देखो फलाना व्यक्ति ज्यादा सोने में समय बर्बाद नहीं करता है इसलिए तो उसने जीवन में इतना कुछ पा लिया है।'

यह बात और है कि आगे जाकर कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं। हमारे देश में कई लोग आज भी ऐसे हैं, जो ये मानते हैं कि खर्राटे आना गहरी नींद की निशानी है। उन्हें यह समझाना चुनौतीपूर्ण काम है कि दरअसल खर्राटे आना भी एक गंभीर नींद विकारों के कारणों में से एक है।

एक अन्य हाल ही के सर्वेक्षण में यह भी पता चला है कि 19 फीसदी भारतीय वयस्कों की नींद में बाधा का कारण उनके काम करने की शिफ्ट का बदलते रहना है। 32% युवा वयस्क टेक्नोलॉजी के ज्यादा और देर रात तक प्रयोग की वजह से पूरी नींद नहीं ले पाते हैं।

एक वयस्क के लिए भी 7 से 9 घंटे की नींद बेहद जरूरी है। कई मामलों में जो लोग इतना सोते हैं उन्हें देखकर अन्य लोग ऐसे लोगों के लिए राय बना लेते हैं कि 'फलाना व्यक्ति आलसी व कमजोर है', तो कुछ लोगों को तो खुद ही यह कहने में शर्म महसूस होती है कि 'उन्हें इतना सोने की जरूरत है।' सिर्फ 1 दिन यदि आप 4-5 घंटे से कम सोते हैं, तब आपके शरीर की वे प्राकृतिक कोशिकाएं, जो कैंसर की कोशिकाओं पर हमला करके उन्हें खत्म करने में सक्षम होती हैं, 70% तक कम हो जाती हैं। आपको कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाएं आपके शरीर में प्रतिदिन बनती हैं। रिपोर्ट के अनुसार नींद की कमी से आंत, प्रोस्टेट और स्तन कैंसर जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। कोशिश यह होनी चाहिए कि आप प्रतिदिन नियमित समय पर सोएं और नियमित समय पर उठें।

क्यों नहीं आती है आपको मीठी नींद

दिनभर की मेहनत और थकान के बाद एक सुहानी नींद पर आपका पूरा हक है लेकिन कई लोगों को बेवजह नींद न आने की शिकायत होती है। आइए मीठी नींद के लिए क्या करें जतन.

- रोज सुबह उठकर कसरत करनी चाहिए।
- अच्छी नींद लेने के लिए कभी भी दिन में न सोएं और सोने से कुछ देर पहले एल्कोहल या कैफीन का सेवन भूलकर भी न करें।
- धूम्रपान न करने से भी नींद अच्छी आती है क्योंकि सिगरेट में पाए जाने वाला निकोटिन नींद में बाधा उत्पन्न करता है।
- कई प्रकार के ड्रग्स भी आराम की नींद लेने में बाधक सिद्ध होते हैं।
- अगर आप शाम को कसरत करेंगे तो आपको सोने में परेशानी हो सकती है।
- जिन महिलाओं के शरीर में आयरन की कमी होती है उन्हें अक्सर नींद कम आती है। इसलिए शरीर में आयरन की कमी का विशेष ख्याल रखें।
- सुबह जब आप उठें तो सूर्य की तेज रोशनी को कमरे में अंदर आने दें। क्योंकि सही प्रकाश की वजह से शरीर को सही ऊर्जा मिलती है।
- एक बात और ध्यान रखें कि रात को सोते वक्त बेडरूम में रोशनी कम ही रहनी चाहिए, जिससे अच्छी और भरपूर नींद आ सके।

...तो जनाब अच्छी व गहरी नींद लीजिए और फिर जिंदगी को पूरी ऊर्जा के साथ जी लेने के लिए खुद को तैयार पाइए।

सूखा नारियल सेहत के लिए है कुदरत का वरदान

सूखे नारियल का इस्तेमाल घरों में खीर, आइसक्रीम, स्वीट डिश वगैरह में होता है। ज्यादातर लोग इसे स्वाद बढ़ाने के लिए रेसिपीज में इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इसकी न्यूट्रीशनल वैल्यू काफी ज्यादा होती है। इस बात पर कम लोगों का ध्यान जाता है। नारियल आपके हार्ट और ब्रेन के लिए अच्छा होता है। साथ ही इसे चबाने से फेशियल एक्सरसाइज भी होती है। इसमें ऐंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो ओवरऑल हेल्थ के लिए बढ़िया होते हैं।

ऐंटीऑक्सिडेंट्स का भंडार

नारियल में फिनॉलिक कंपाउंड होते हैं, जो कि ऐंटीऑक्सीडेंट्स हैं। ये आपकी सेल्स के ऑक्सीडेटिव डैमेज को रोकते हैं। इसमें गैलिक एसिड, कैफिक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, पी-कोम्यूरिक एसिड होता है। नारियल आपकी धमनियों में प्लाक बनने से रोकता है जो कि हार्ट ब्लॉकेज की वजह होती हैं।

कनेक्टिव टिश्यूज के लिए फायदेमंद

नारियल में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो आपके कनेक्टिव टिश्यूज को मजबूत बनाते हैं। नारियल को डायट में शामिल करने से गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा ये स्किन के लिए भी अच्छा होता है।

आयरन की कमी को दूर करता है

महिलाओं में आयरन की कमी बड़ी समस्या है। सूखे नारियल में आयरन काफी मात्रा में पाया जाता है। डेली डायट में नारियल खाने से आयरन की कमी पूरी होती है। बच्चा पैदा होने के बाद महिलाओं को नारियल की कई मिठाइयां इसीलिए बनाकर खिलाई जाती हैं।

पोषकतत्वों का भंडार

सूखे नारियल में प्रोटीन, विटामिन्स, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीज और सेलिनियम पाया जाता है। ये पोषक तत्व इम्यूनिटी मजबूत करके शरीर को रोगों से बचाते हैं।

दिमाग रखता है मजबूत

नारियल खाने से किसी का आईक्यू तो नहीं बदलता लेकिन आपके ब्रेन फंक्शन को सपोर्ट करता है। स्टडीज में सामने आ चुका है कि नारियल का तेल अल्जाइमर्स होने से रोकता है।

सेहत का रखना है ख्याल तो अर्जुन फल का करें इस्तेमाल

ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें।

अर्जुन के वृक्ष को भारत में व्यापक रूप से उगाया जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद ही गुणकारी माना गया है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल जैसे विभिन्न औषधीय गुण होते हैं। अर्जुन हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। यह हृदय की मांसपेशियों को मजबूत और टोन करता है और हृदय के समुचित कार्य में मदद करता है। इतना ही नहीं, यह उच्च रक्तचाप से लेकर दस्त, अस्थमा और खांसी आदि कई तरह की समस्याओं को दूर करने में सहायक है। अर्जुन के फल से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

सांसों की दुर्गंध से मिलता है छुटकारा

ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें। इस फल में ऐसे होते हैं जो आपके मसूड़ों की समस्याओं और दांतों से खून बहने में भी मदद कर सकते हैं और आपको ताजा सांसें प्रदान करते हैं।

हड्डियों का रखते हैं ख्याल

अगर आप किसी किसी भी प्रकार की हड्डी की समस्या से पीड़ित हैं, तो आपको अपने आहार में अर्जुन फल को अवश्य शामिल करना चाहिए। आप इसका जूस बनाकर पी सकते हैं या इसे कच्चा खा सकते हैं। यह आपको ऑस्टियोपोरोसिस और गठिया जैसी हड्डियों की परेशानी में भी मदद कर सकता है।

ओरल हेल्थ की समस्याओं को करें दूर

अर्जुन फल खाने से वास्तव में आपकी मसूड़ों की समस्याओं को कम करने और दांतों के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है। यह दांतों से खून बहने से लेकर दांत दर्द, मसूड़ों में दर्द या मसूड़ों से खून बहना आदि समस्याओं के उपचार में प्रभावी है। आप इस फल को जूस या कच्चा खा सकते हैं। इसके अलावा, अर्जुन के फल के पाउडर का सेवन भी कर सकते हैं और इसे पेस्ट के रूप में उस जगह पर लगा सकते हैं जहां आपको मसूड़े या दांतों की समस्या हो रही है। हालांकि, यह उपाय अपनाने से पहले एक बार डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

सेंधा नमक को करें डाइट में शामिल, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है।

नमक एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जिसका इस्तेमाल हम सभी नियमित रूप से करते हैं। यह भोजन में एक स्वाद शामिल करता है। नमक के बिना भोजन पकाने या उसे खाने की कल्पना भी हम नहीं कर सकते हैं। हालांकि घरों में लोग टेबल सॉल्ट का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप नमक को अपने स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बनाना चाहते हैं तो आज ही सेंधा नमक खाना शुरू कर दें। सेंधा नमक में सोडियम, पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम, जिंक आदि तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत को लाभ पहुंचाते हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में सेंधा नमक का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह स्वस्थ त्वचा और बालों से लेकर वजन घटाने तक कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। सेंधा नमक से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

पाचन तंत्र के लिए लाभदायक

सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है। यह भूख की कमी की समस्या को सुधारने में भी मदद करता है।

प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है

सेंधा नमक विटामिन के से भरपूर होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है और आपकी प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। यह शरीर की हड्डियों के चयापचय को भी बढ़ाता है, जो कई बीमारियों से बचाता है। मांसपेशियों में ऐंठन से राहत सेंधा नमक में सोडियम क्लोराइड का शुद्ध रूप और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इलेक्ट्रोलाइट पोटेशियम और नमक असंतुलन मांसपेशियों में ऐंठन के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है। तो, सेंधा नमक पोटेशियम की कमी को संतुलित कर सकता है और मांसपेशियों में ऐंठन को रोक सकता है।

गले की खराश का करता है इलाज

गले में खराश के लिए खारे पानी से गरारे करना एक आम घरेलू उपाय है। सेंधा नमक में डिकॉन्गेस्टेंट गुण होते हैं जो आपकी बंद नाक, खांसी को दूर करने में मदद करते हैं। यह टॉन्सिलिटिस अस्थमा के लिए भी एक प्रसिद्ध उपाय है, और यह आपके फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है।

रक्तचाप को करे बैलेंस

सेंधा नमक में पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। शोध बताते हैं कि सेंधा नमक रक्तचाप को संतुलित रखता है।

मोदी का नव पंचशील सिद्धांत नया भारत, नई रणनीति

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने 12वें उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए भारत और राष्ट्र प्रथम को सर्वोपरि रखते हुए एक तरह से नव पंचशील सिद्धांत का उद्घोष किया। अप्रैल 1954 में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और चीन के पीएम चाऊ एन लाई ने पंचशील सिद्धांत का निरूपण किया था, जो पारस्परिक सम्मान, अहस्तक्षेप, समानता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पर आधारित था, पर 1962 में चीन ने हमारे हजारों किमी भू-भाग पर कब्जा कर उसकी अंत्येष्टि कर दी। प्रधानमंत्री मोदी को 2014 में विरासत में विषम आंतरिक और बाह्य परिस्थितियां मिलीं। उनका सामना करते हुए उन्होंने पंचशील सिद्धांत का पालन किया। विगत 11 वर्षों में उन्होंने भारत की वैश्विक छवि और शक्ति में गुणात्मक परिवर्तन किया है। पाकिस्तानी आतंकियों की ओर से पहलगाम में लोगों का मजहब पूछकर हत्या के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य शक्ति से विश्व को परिचित कराया। मोदी ने विश्व को संदेश दिया कि यह नया भारत है, जो पुराने पंचशील सिद्धांत का अनुपालन करते हुए एक नव पंचशील सिद्धांत का उद्घोष करता है। मोदी का नव पंचशील सिद्धांत नई सैन्य रणनीति, कुशल विदेश नीति, चतुर कूटनीति, नवीन आर्थिक संकल्पना और हिंदुत्ववादी समावेशी राजनीति पर आधारित है। यह उभरते भारत की अस्मिता है। भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम की चर्चा पूरे विश्व में हमेशा रही है, पर राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी और रणनीतिक कमजोरियों के चलते कई बार सेना का सामर्थ्य व्यर्थ हो गया, वह चाहे 1962 में चीन से, 1965 में पाकिस्तान से युद्ध हो या 1971 में बांग्लादेश युद्ध। 1965 और 1971 में भारत अपनी विजय के बावजूद कुछ भी हासिल नहीं कर पाया। इससे पाकिस्तान को भ्रम हो गया कि भारत उसके प्रति आक्रामक रुख नहीं अपना सकता। नाभिकीय शक्ति प्राप्त करने के बाद पाकिस्तान और भी आश्वस्त हो आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने लगा, पर मोदी ने देश की सैन्य रणनीति का गियर बदल दिया है। पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि अब आतंकी गतिविधियों का प्रत्युत्तर भारत कैसे देगा। मोदी की घोषणा कि आतंकी हमलों को युद्ध की संज्ञा दी जाएगी, भारतीय सैन्य रणनीति को एक नया आयाम देती है। ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करना पाकिस्तान पर सदैव लटकने वाली तलवार है, जो न केवल उसके नाभिकीय ब्लैकमेल को दरकिनार करती है, वरन वहां की सरकार और सेना पर मनोवैज्ञानिक दबाव भी बनाती है। 15 अगस्त को मिशन सुदर्शन चक्र की घोषणा कर मोदी ने बाहरी आक्रमण से संवेदनशील प्रतिष्ठानों को सुरक्षित करना और सशक्त प्रत्युत्तर देना भी सैन्य रणनीति में शामिल किया है। विदेश नीति में वैश्विक शक्तियों से समान दूरी के सिद्धांत का परित्याग कर मोदी ने सबसे समान निकटता का सिद्धांत अपनाया है, जो वसुधैव कुटुंबकम् के अनुरूप है। उन्होंने अगस्त 2025 तक 78 देशों की यात्राएं की हैं और 27 देशों ने उन्हें अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया है। वे वैश्विक प्रतिस्पर्धियों जैसे अमेरिका-रूस, रूस-यूक्रेन, अरब-इजरायल, अमेरिका-चीन तथा अन्य छोटे-बड़े सभी देशों से बात कर सकते हैं। उनकी विदेश नीति में पंचशील से आगे पंचामृत के दर्शन होते हैं, जो सम्मान, संवाद, संवृद्धि, सुरक्षा, संस्कृति एवं सभ्यता से निर्मित है। मोदी भारतीय सम्मान से समझौता किए बिना सभी देशों से संवाद करते हैं, ताकि सभी का हित हो और किसी की सुरक्षा, संस्कृति एवं सभ्यता पर आंच न आए। इसीलिए चीन से तमाम तनाव के बावजूद वे चीन जा रहे हैं। कूटनीतिक कुशलता नव पंचशील का तीसरा तत्व है, जिसमें यथार्थवाद और नैतिकता का अद्भुत समन्वय है। अपनी कूटनीति से मोदी सबको चकित करते हैं। उनमें चातुर्य के साथ सहनशीलता है। वे साम, दाम, दंड और भेद का समुचित प्रयोग करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनकी ओर से विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना इसका उदाहरण है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव पर बार-बार मध्यस्थता का श्रेय लेने की कोशिश और असभ्य राजनयिक भाषा के प्रयोग का जवाब देने की विपक्षी चुनौती को अनदेखा कर मोदी ने दृढ़ता से, पर सभ्य राजनयिक भाषा में प्रत्युत्तर दिया। उन्होंने ट्रंप के अमेरिका आने के आमंत्रण को सधन्यवाद अस्वीकार किया और संसद में स्पष्ट किया कि भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम बिना किसी मध्यस्थ के पाकिस्तान के आग्रह पर हुआ। उनकी कूटनीति भारतीय बाजार के हितों के संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है, ताकि भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया जा सके। वे किसी सामरिक संघर्ष में उलझना नहीं चाहते। नव पंचशील का चौथा तत्व आर्थिक सामर्थ्य है, जो स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के स्तंभों पर खड़ा है। गांधीजी ने स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी को हथियार के रूप में प्रयोग किया था। पीएम मोदी भी स्वदेशी का आह्वान कर नव साम्राज्यवाद से लड़ रहे हैं। सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत की वैश्विक निर्णयन में बराबरी की भूमिका हो, इसके लिए मोदी ने स्पष्ट संदेश दिया कि वे भारतीय बाजार को अमेरिकी लूट के लिए नहीं खोलेंगे और भारत किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों से समझौता नहीं करेगा। फाइटर जेट इंजन, सेमीकंडक्टर आदि का देश में निर्माण कर वे भारत को विकसित बनाना चाहते हैं। उनके नव पंचशील का पांचवां तत्व समावेशी राजनीति है, जो जातिवादी अस्मिता की राजनीति से आगे निकल वर्ग राजनीति की ओर जाती है।

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर कसता शिकंजा

ANALYSIS

✍ डॉ. मयंक चतुर्वेदी

नारायणपुर की घटना ताजा उदाहरण है, जहां दो महिलाओं समेत आठ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन पर कुल 30 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनमें से कई कुख्यात माओवादी नेता थे। सुखलाल एक डिविजनल कमेटी सदस्य और माओवादी डॉक्टर के रूप में सक्रिय था, उस पर आठ लाख का इनाम था। इसी तरह हुर्रा भी कंपनी नंबर एक पीपीसीएम से जुड़ा था और उसके सिर पर भी आठ लाख का इनाम था। पोडियाम एरिया कमेटी मेंबर और लोकल ऑर्गेनाईजेशन स्क्वॉड का डिप्टी कमांडर था। कमला और दीपा जैसी महिला सदस्य भी संगठन में अहम जिम्मेदारी संभाल रही थीं। इन आत्मसमर्पणों से यह स्पष्ट होता है कि जंगलों के भीतर भी माओवादियों का मनोबल लगातार टूट रहा है। वस्तुत: यह सिलसिला केवल नारायणपुर तक सीमित नहीं है। बीते वर्षों में बस्तर, सुकमा, कांकेर, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे इलाकों में सुरक्षा बलों ने कई बड़े ऑपरेशन चलाए। छत्तीसगढ़ पुलिस और केंद्रीय बलों ने मिलकर ऑपरेशन प्रहार और ऑपरेशन डॉन जैसी मुहिमें चलाईं, जिनमें एक के बाद एक बड़े नक्सली ढेर हुए। कुख्यात माओवादी नेता हिड़मा, जो बस्तर डिवीजन कमेटी का सबसे खतरनाक चेहरा माना जाता था, लंबे समय तक सुरक्षा एजेंसियों के निशाने पर रहा।

